हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सदा के लिए मौन



पंचतत्व में विलीन हुए मनमोहन, 21 तोपों की दी गई सलामी



राष्ट्रपति प्रधानमंत्री शाह, राजनाथ समेत पहुंचे कई दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ▸▸। नई दिल्ली

देश में आर्थिक पुनर्जागरण के सूत्रधार, विकास के नए द्वार खोलने वाले सुधारों के जनक और राजनीति में सादगी तथा सौम्यता के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका यहां निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिंह की तीन बेटियों में से सबसे बड़ी बेटी उपिंदर सिंह ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। देश तथा दुनिया के कई गणमान्य लोगों, राजनीतिज्ञों और आम लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ▸▸। शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि

अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय '24 अकबर रोड' में रखा गया था, जहां सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### विवाद की राजनीति

पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाए जाने को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि



पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर सरकार द्वारा उनका (सिंह का) सरासर अपमान किया गया है। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि देश मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, कांग्रेस राजनीतिक एजेंडा साधने में लगी है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने श्री सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित की थी।



# सिलतरा की फैक्ट्री में बड़ा हादसा, दो मजदूरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर/चंदखुरी

धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया में रात को हुए एक हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना में कुछ और लोगों को गंभीर चोट आने की बात पता चली है, लेकिन पुलिस ने दो मौतों की पुष्टि की है और कहा है कि बचाव कार्य पूरा होते ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

- घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आसपास के रहवासी फैक्ट्री पहुंच गए और हंगामा मचाया। मौके पर सिलतरा चौकी से पुलिस पहुंची और स्थिति को संभाला। खबर लिखे जाने ▸▸। शेष पेज 4 पर

## मार्कफेड के एमडी ने कहा-तीन दिन में धान उठाने की नीति, लेकिन मिलर्स की हड़ताल से आई बाधा

# 74 लाख मीटरिक टन धान खरीदी, उठाव 22 टन का, सूखत की चिंता में समितियां ले रहीं ज्यादा

*छत्तीसगढ़ में अब तक 74 लाख मीटरिक से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। उठाव केवल 22 मीटरिक टन का हुआ है। करीब 52 मीटरिक धान अभी भी समितियों में डंप है। इसकी चिंता में धान खरीदी करने वाली समितियां सूख रही हैं। मार्कफेड की नीति है कि तीन दिन में धान का उठाव कर लिया जाएगा। लेकिन एक महीने से ज्यादा होने की वजह से सूखत बढ़ रही है। इसकी वजह से समितियां अघोषित तौर पर किसानों से 40 किलो की जगह 41 या 42 किलो तक धान ले रही हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर/भिलाई जांजगीर -चाम्पा/मल्हार/तखतपुर

हरिभूमि खास

उल्लेखनीय है कि कस्टम मिलिंग नीति में मार्कफेड ने खरीदी केंद्रों में 72 घंटे में धान का उठाव का प्रावधान था। मार्कफेड एमडी रमेश शर्मा ने बताया कि मिलर्स की हड़ताल की वजह से यह संभव नहीं हो सका। मिलर्स से अनुबंध होने के बाद अब उठाव में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 2 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया ▸▸। शेष पेज 4 पर

## बफर स्टॉक की वजह से बारदाने के रेट बढ़े, 12 रुपए का पुराना बोरा अब मिल रहा है 30 रुपए में







**सूखत के नाम पर ज्यादा धान ले रहे -वर्मा :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं किसान नेता उधो राम वर्मा कहा कि उन्होंने खुद समितियों में जाकर देखा है कि सूखत के नाम पर ज्यादा धान लिया जा रहा है। कन्हैया यादव,प्रकाश ठाकुर,भगवानी डहरिया साथ में निरीक्षण किया गया। ▸▸। शेष पेज 4 पर

### बारदाना अब 30 में, तौल में भी डंडी

भिलाई। जो बारदाना पहली और दूसरी पलटी का 14 नवंबर यानी धान खरीदी की शुरूआत में बाजार में 12 रुपए में मिल रहा था। वह अब 30 से 35 रुपए में बिक रहा है। नए बारदाने की कीमत 50 रुपए के पार पहुंच गई है। इतना ही नहीं इसकी खरीदी के लिए उन्होंने शहर तक आना पड़ रहा है, जहां दुर्ग के पुरानी गंजमंडी और धमधा ▸▸। शेष पेज 4 पर

### इलेक्ट्रॉनिक मशीन के बाद भी अधिक देने की मजबूरी

जांजगीर -चाम्पा। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में कांटा मारी रोकने सरकार इस बार इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से खरीदी करा रही है, इसके बाद भी किसानों अधिक धान देने को मजबूर हैं। सुखत के नाम पर केंद्र प्रभारी दबाव बनाकर एक से डेढ़ किलो अधिक धान ले रहे हैं। ▸▸। शेष पेज 4 पर

## बोरियाखुर्द में कार्यकर्ता शंकर साहू के घर पर 17 बच्चों के साथ संघ सरचालक ने की गटनायक बैठक

# संघ प्रमुख से शाखा के बच्चों ने पूछा, भारत कैसे बनेगा विश्व गुरु

*आज या कल बस्तर जा सकते हैं मोहन भागवत*



हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

खास खबर


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने टिकरापारा नगर के शारीरिक प्रमुख शंकर साहू के घर पर बोरियाखुर्द की शाखा के छठी क्लास से लेकर कॉलेज तक के 17 बच्चों के साथ गटनाटक बैठक की। इसमें बच्चों से संघ प्रमुख से पूछा भारत विश्व गुरु कैसे बनेगा संघ ▸▸। शेष पेज 4 पर



### कार्यकर्ता-पदाधिकारियों से चर्चा

डॉ. भागवत ने शनिवार को सुबह और दोपहर के सत्र में जागृति मंडल में संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ता के साथ अलग-अलग विषयों में चर्चा की।





जय श्री बालाजी
नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें
श्री बालाजी गारमेंट सेल
NEW YEAR DHAMAKA
10,000 पीसेज़ का
NEW STOCK
बढ़ती ठंड - घटते दाम - एक ही नाम - बालाजी सेल
ब्रांडेड पार्टीवियर (कॉटन/ फैंसी)
जींस
मात्र ₹500
ब्रांडेड पार्टीवियर (कॉटन/ फैंसी)
ट्राउज़र्स
मात्र ₹500
बच्चों के वूलन कपड़े व जैकेट
MRP 700/- to 800/-
सेल से लेकर जायें
मात्र ₹199
ब्रांडेड फैंसी
डाउनशोल्डर शर्ट
500/- to 600/-
मात्र ₹249
फैंसी
पार्टीवियर स्वेटर
मात्र ₹499
ओरिजिनल कोरियन
फैंसी टॉप
(प्रीमियम क्वालिटी)
मात्र ₹99
मात्र ₹149
ओरिजिनल कोरियन
लॉन्ग शर्ट क्रॉप
(प्रीमियम क्वालिटी)
मात्र ₹99
ओरिजिनल कोरियन
गर्ल्स कोरियन जैकेट
(प्रीमियम क्वालिटी)
मात्र ₹199
वूलन फैंसी टॉप
मात्र ₹100
में 4 पीस
ओरिजिनल
किड्स ब्राण्डेड जैकेट
(प्रीमियम क्वालिटी)
मात्र ₹349
फॉर्मल शर्ट
मात्र ₹250
इंटरनेशनल ब्रांड की
जैकेट
(4000 to 5000)
मात्र ₹499 to मात्र ₹999
इंटरनेशनल ब्रांड की
ब्लेजर्स
मात्र ₹299
इंटरनेशनल ब्रांड की
लेडीज़ ब्लेजर्स
मात्र ₹299
पैराशूट लोअर
पैराशूट अपर
NEW STOCK
मात्र ₹399
मात्र ₹199
For More Details, Call : +91 92447 55115
FREE PARKING
गुरुतेग बहादुर हॉल
FREE ENTRY
गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर
sumitadvertisers

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




## रेलवे ने कहा- स्क्रैब का सही यूज किया

रेलवे के गद्देदार सीटों का उपयोग नाले के स्लैब के रूप में किया गया। रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि जो सीटें नाले के ऊपर रखी गईं थी, वे कबाड़ 'स्क्रैब' थीं। उन्होंने कहा कि हम कबाड़ का सही रीयूज कर रहे हैं, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। रेलवे का पुनर्विकास किया जा रहा है, ऐसे में कबाड़ को रीयूज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम कोर्ट में हलफनामा पेश कर देंगे।

# नाले के ऊपर से हटाई गद्देदार सीटें, रेलवे ने कहा- हाईकोर्ट में हलफनामा पेश करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि की खबर का बड़ा असर हुआ। रेलवे की गद्देदार सीटों को नाले पर लगाकर रखा गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट ने रेलवे के गद्देदार सीटों का उपयोग नाले के स्लैब के रूप में करने के मामले को स्वतः संज्ञान में लिया। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए दपूम रेलवे के महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक व मंडल रेल प्रबंधक एवं बिलासपुर कलेक्टर को नोटिस जारी किया है। वहीं, हाईकोर्ट की फटकार के बाद रेलवे ने नालों के ऊपर से सीटों को रातों रात हटवा दिया। दरअसल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कबाड़ भी सरकारी संपत्ति

अफसरों का तर्क है कि सीटें कबाड़ हो चुकी थीं। उनका उपयोग किया जा रहा था। लेकिन सवाल है कि कबाड़ भी सरकारी संपत्ति है। उसे नालियों पर किस नियम के तहत रखा जा रहा था। सीटों में एल्मुनियम और लोहे का भी उपयोग किया जाता है।

- हरिभूमि की खबर को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान, लिया था मांगा था जवाब




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार पर पलटा ट्रक दो युवक जिंदा जले



**अंबिकापुर।** विदा होते साल का आखिरी शनिवार सरगुजा के लिए काला दिन साबित हुआ। शनिवार की दोपहर सड़क हादसे में जिंदा जलकर शहर के दो युवकों की मौत से शोक की लहर फैल गई है। बड़ी बात यह है कि हादसे में जान गवाने वाले युवक शिवम सिंह के पिता की मौत को अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ है और अब परिवार के इकलौते बेटे की भी मौत हो गई। शहर के चठिरमा स्थित चंद्रिका फ्यूल्स का संचालक विकास भगत किसी काम से कोरबा गया हुआ था। आम तौर पर विकास भगत अपनी कार से कोरबा जाता ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शराब घोटाला को लेकर ईडी ने की है कार्रवाई

# पूर्व आबकारी मंत्री, उनके बेटे, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष, कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/सुकमा

राज्य के चर्चित दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईडी ने शनिवार को रायपुर तथा सुकमा में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के धरमपुरा स्थित निवास के साथ ही उनके बेटे सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू के साथ कवासी लखमा के करीबी कांग्रेसी नेता सुशील ओझा के चौबे कालोनी स्थित निवास में चल रही है। सुकमा में ईडी की टीम ने एक सड़क ठेकेदार के यहां भी छापे की कार्रवाई की है। कार्रवाई तड़के शुरू की गई है।

गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने कोर्ट में जो चार्जशीट, दाखिल की है, उसमें कवासी लखमा के नाम का उल्लेख है। छापे की कार्रवाई चार्जशीट में कवासी लखमा के खिलाफ लगे आरोपों के तहत की गई है। ईडी ने पूर्व में कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रायपुर में कवासी लखमा के धरमपुरा स्थित निवास तथा चौबे कालोनी में सर्च

#### भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ छापे की कार्रवाई

सुकमा में छापे की कार्रवाई के दौरान किसी तरह से कोई गड़बड़ी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए ईडी की टीम के साथ भारी संख्या में सीआरपीएफ के जवान साथ गए हुए थे। छापे की कार्रवाई के दौरान किसी बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। छापे की कार्रवाई में क्या मिला, इसका ईडी ने अब तक किसी तरह से खुलासा नहीं किया है।



#### दस्तावेजों की जांच

सूत्रों के मुताबिक रायपुर तथा सुकमा में छापे की कार्रवाई के दौरान ईडी ने संबंधित लोगों के घरों में दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ ही संदिग्ध दस्तावेजों की जब्ती की है। इसके साथ लैपटॉप तथा कम्प्यूटर हार्ड डिस्क की जांच की है। चौबे कालोनी में ईडी की टीम छापा मारने पहुंची, उस दौरान सुशील ओझा अपने घर पर उपस्थित नहीं थे।

### लखमा के करीबी रामभवन के घर ईडी



प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल में कथित 2000 करोड़ से अधिक के शराब घोटाले का लिंक धमतरी शहर से भी जुड़ गया है। शनिवार को ईडी की टीम ने महात्मा गांधी वार्ड में ठेकेदार रामभवन कुशवाहा के घर में छापा मारा है। पूर्व आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा के करीबी रहे रामभवन कुशवाहा के निवास में सुबह 8 बजे ईडी की टीम ने दबिश दी है। दो वाहनों में पहुंचे ईडी के पांच अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ के दो महिला कांस्टेबल सहित पांच जवान शामिल थे। बताया जाता है कि कवासी लखमा के काफी नजदीकी रहे सिविल कांट्रेक्टर रामभवन कुशवाहा पर शराब घोटाले को लेकर छानबीन की जा रही है।

### हरदीभाटा में केंद्रीय एजेंसी का धावा

## एनआईए छापे में नक्सली कनेक्शन के मिले सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मैनपुर ब्लॉक के हरदीभाटा में नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी की टीम ने देर रात छापेमारी की। यह कार्रवाई साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सली हमले में आईटीबीपी जवान की शहादत से जुड़े मामले की जांच के तहत की गई। उस समय नक्सलियों की मैनपुर-नुआपड़ा डिविजनल कमिटी ने इस घटना की जिम्मेदारी ली थी। सूत्रों के मुताबिक एनआईए ने नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े कुछ संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर दबिश दी।



इस दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में नकदी और नक्सली साहित्य जब्त किया है। कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। एनआईए की इस कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर हलचल मचा दी है। हरदीभाटा और आसपास के क्षेत्रों में लोग इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस मामले में जल्द ही और बड़े खुलासे हो सकते हैं। नक्सलियों के शहरी नेटवर्क पर यह कार्रवाई उनकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अहम मानी जा रही है।

#### प्रारंभिक चरण में जांच

अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है। टीम संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। यह मामला तब सामने आया था, जब चुनावी ड्यूटी से लौटते समय नक्सलियों ने पोलिंग पार्टी पर हमला किया था। इस हमले में आईटीबीपी का एक जवान शहीद हो गया था। घटना के बाद से ही एनआईए इस मामले की जांच में जुटी हुई थी।

## तालिबान ने पाक की 2 चौकियों पर किया कब्जा, 19 सैनिक मारे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा अफगानिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक का बदला लेने के लिए तालिबान के लड़ाकों ने अफगान-पाक सीमा पर हमला बोल दिया। पाकिस्तानी सेना को अपनी 2 सीमा चौकियां छोड़कर पीछे हटना पड़ा। यही नहीं, तालिबान का दावा है कि पाकिस्तान के करीब 19 सैनिक भी मारे गए।

- पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक का दिया जवाब
- सीमा पर आमने-सामने दोनों देश की आर्मी



#### पाक ने की थी एयर स्ट्राइक

यह टकराव मंगलवार की रात पक्तिका प्रांत में पाकिस्तान के हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें कमोबेश 51 लोग मारे गए थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। मसलन, पाकिस्तान सेना का कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन से पाकिस्तान में आतंकी हमले किए जाते हैं और तालिबान से इसे काबू करने की अपील की गई थी।




### श्री रामलला के दर्शन का बढ़ाया गया समय

**अयोध्या।** नए साल के आगमन के साथ ही भगवान श्री रामलला की जन्मभूमि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए लगभग सभी होटल बुक हो गए हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर के दर्शन का समय बढ़ा दिया है और अपेक्षित भीड़ को प्रबंधित करने के लिए व्यापक व्यवस्था लागू की है।



### छह करोड़ की ड्रग्स जब्त, पांच गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में पुलिस ने दो अभियानों में करीब छह करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। पलटन बाजार में एक होटल में छापेमारी कर 416 ग्राम हेरोइन जब्त की।



### अभिनेत्री की कार की टक्कर से मजदूर की मौत

**मुंबई।** मुंबई के कांदिवली इलाके में शनिवार तड़के मराठी अभिनेत्री उर्मिला कोठारे की कार से टक्कर लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में अभिनेत्री और उनका चालक भी घायल हो गए।



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित
BAJAJ Allianz

अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाईये बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के साथ
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ



बीमा कराने की अंतिम तिथि
31 दिसंबर 2024

अधिसूचित जिले:
बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

रबी 2024-25 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें:
चना, अलसी, गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, राई-सरसों

योजना के मुख्य बिंदु :
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज आंकड़े, निंधारित थ्रेसहोल्ड उपज से कम आने पर दावा भुगतान
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अतंर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/अखऊए-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज- नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

**ऋणी कृषक:** योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन (Opt-out) आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
**अऋणी कृषक:** अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना संबंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज़ कराने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करें। अब आप हमारे किसान सुविधा-बजाज आलियांज़ के व्हाट्सएप Chatbot नंबर 7030053232 पर भी अपनी फसल के नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर दे सकते है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play
FARMITRA

**मौन रह कर भारत में आर्थिक परिवर्तन की पटकथा लिखने वाले अर्थशास्त्री डा. मनमोहन सिंह एक अच्छे अध्यापक, प्रशासक, वित्त मंत्री से लेकर बेदाग प्रधानमंत्री तक के सफर में एक विजनरी व दृढ़ राजनेता और सौम्य व्यक्तित्व के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अगर आजाद भारत के नव निर्माण की नींव रखी तो डा. मनमोहन सिंह ने आर्थिक सुधारों से विकसित भारत यात्रा की बुनियाद रखी। पूर्व प्रधानमंत्री डा. सिंह को भारत को लाइसेंस राज से मुक्त कराने वाले और देश को उस स्थिति से उबारने वाले उद्धारक के रूप में याद किया जाएगा जब इसका स्वर्ण भंडार भी गिरवी रख दिया गया था। एक भविष्यदृष्टा राजनेता के तौर पर पहचान बनाने वाले डा. सिंह भारत के आर्थिक शिल्पकार रहे। कांग्रेस नेता के रूप में उन्होंने 2004-2014 तक 10 वर्षों के लिए देश का नेतृत्व किया और उससे पहले वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को तैयार करने में मदद की। वह वैश्विक स्तर पर वित्तीय और आर्थिक क्षेत्र की एक मशहूर शख्सियत रहे। विकास को हरित लक्ष्य से जोड़ने वाले डा. सिंह प्रेरणास्रोत रहेंगे। मनमोहन के योगदान का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# नव भारत की नींव रखने वाले अर्थशास्त्री



**व्यक्तित्व**

नितिन प्रधान

वरिष्ठ पत्रकार

**वर्ष 1991 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन के रूप में काम कर रहे डॉ. सिंह को कांग्रेस के पहले गैर गांधी-नेहरू प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने अपने वित्त मंत्री के रूप में चुना। राव जानते थे कि देश जिन आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है वहां से उसे बाहर निकालने और एक नए भारत के निर्माण की राह तैयार करने में मनमोहन सिंह ही उनकी मदद कर सकते हैं। राव इस बात को लेकर भी आश्वस्त थे कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल बिठाने और चालीस वर्षों से नियमों और कई पाबंदियों में बंधी अर्थव्यवस्था के बंधन खोलने के काम का माद्दा सिर्फ डॉ. सिंह के ही पास है। इसी कारण डॉ. सिंह को जून 1991 में राव ने केंद्र में वित्त मंत्री के तौर पर शपथ दिलवाई।**

हीरे की परख सच्चा जौहरी ही कर सकता है। यह भले ही एक कहावत है लेकिन डॉ. मनमोहन सिंह के संबंध में इसे हक़ीक़त में तब्दील होते हुए भी देखा गया है। वर्ष 1991 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन के रूप में काम कर रहे डॉ. सिंह को कांग्रेस के पहले गैर गांधी-नेहरू प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने अपने वित्त मंत्री के रूप में चुना। राव जानते थे कि देश जिन आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है वहां से उसे बाहर निकालने और एक नए भारत के निर्माण की राह तैयार करने में मनमोहन सिंह ही उनकी मदद कर सकते हैं। राव इस बात को लेकर भी आश्वस्त थे कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल बिठाने और बीते चालीस वर्षों से नियमों और कई तरह की पाबंदियों में बंधी अर्थव्यवस्था के बंधन खोलने के काम का माद्दा सिर्फ डॉ. सिंह के ही पास है।

यही वजह है कि डॉ. सिंह की तमाम हिचकिचाहट के बावजूद जून 1991 में राव ने उन्हें केंद्र में वित्त मंत्री के तौर पर शपथ दिलवाई। वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीति की जो समझ और उसके अनुरूप नीतियों में फेरबदल कर उन्हें लागू करने का जो साहस डॉ. सिंह में रहा, उनके वक्त के नेताओं में संभवतः किसी में नहीं था। बात चाहे 1991 में अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की हो या फिर अमेरिका के साथ परमाणु करार पर हस्ताक्षर करने की। मनमोहन सिंह वित्त मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री के अपने कार्यकाल में देशहित में फैसले लेने से कभी नहीं चूके। यह सही है कि प्रधानमंत्री के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल कई विवादों से घिरा रहा और सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों ने वर्ष 2014 में उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार वापस सत्ता में लौटने में कामयाब नहीं रही। लेकिन यह भी सच है कि डॉ. सिंह की निजी छवि हरदम बेदाग़ रही और व्यक्तिगत तौर से उन पर भ्रष्टाचार का आरोप कभी नहीं लगा। प्रधानमंत्री के रूप में भी उनका जीवन सादगी से भरा रहा। प्रधानमंत्री रहते तीन साल उनके निजी सुरक्षा गार्ड रहे आईपीएस अधिकारी और अब उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए इस बात का ज़िक्र भी किया है। नौकरशाह से राजनीति में आये डॉ. सिंह व्यवहार में कभी राजनीतिज्ञ नहीं बन पाए।

## लाइसेंस राज से दिलाई मुक्ति

उनका ध्यान हमेशा ऐसी नीतियां और क़ानून बनाने पर रहा जिनसे आम जनता की ज़िंदगी को सरल बनाया जा सके। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में आर्थिक उदारीकरण के रूप में की। वो जानते थे कि अगर देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया के समकक्ष खड़ा करना है तो उसे उन तमाम बंधनों से आज़ाद करना होगा जिनकी वजह से देश का उद्योग-जगत छटपटाहट महसूस कर रहा है। आज़ादी के चालीस साल तक उद्योगों को लाइसेंस राज के नियंत्रण में काम करना पड़ रहा था। वित्त मंत्री



के रूप में अपने पहले ही बजट में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उद्योगों के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता ख़त्म कर दी। कोटा राज को ख़त्म करते हुए उन्हें नियमों को बेहद सरल बना दिया। निजी और विदेशी निवेश को देश में बढ़ावा देने के लिए डॉ. सिंह ने सार्वजनिक उपक्रमों (पीएयू) में सरकार की हिस्सेदारी को कम करके जनता को हिस्सेदारी देने की अवधारणा रखी। पहले बजट में प्रस्तुत उदार अर्थव्यवस्था की अपनी अवधारणा को अपने कार्यकाल के अगले पांच वर्ष लागू करने में लगा दिए। एक ही कदम में उद्योगों के एक बड़े हिस्से को लाइसेंस से मुक्त करने के साथ साथ उन्होंने कारोबार करने की नीति को सरल बना दिया।

## विदेश में कारोबार करने की अनुमति दी

राज्य व्यापार निगमों का एकाधिकार समाप्त कर निजी कंपनियों को विदेश में कारोबार करने की अनुमति प्रदान की। कई तरह के निर्यात पर बेवजह दी जाने वाली सब्सिडियों को या तो ख़त्म किया अथवा उन्हें तर्कसंगत बनाया। उनके वित्त मंत्रित्व में एक अन्य साहसिक निर्णय था मुद्रा का दो बार अवमूल्यन किया जाना। इस कदम के लिए उन्हें विरोध और आलोचना का भी सामना करना पड़ा। बावजूद इसके उन्हें रुपये की क़ीमत को दो चरणों में डालर के मुक़ाबले 21 से 25 पर पहुंचाया। यह वैश्विक कारोबार में भारत को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एक बड़ा कदम था। डॉ. सिंह यहीं नहीं रुके। उन्होंने रुपये को वैश्विक मुद्रा के साथ परिवर्तनीय बढ़ाने के लिए भी कदम उठाया। वित्त मंत्री के रूप में उनकी स्पष्ट मान्यता थी और इसे उन्होंने कई दफ़ा संसद और अन्य सार्वजनिक मंचों के ज़रिए प्रकट भी किया कि देश में अगर उद्योगों को कारोबार करने के लिए प्रोत्साहन देना है तो उन्हें विदेशी निवेश लाने के साथ-साथ सार्वजनिक उपक्रमों के एकाधिकार के समकक्ष भी ख़ड़ा करना होगा। यही वजह थी कि उन्होंने करीब 34 उद्योग क्षेत्रों में ऑटोमैटिक रूट के ज़रिए 51 फ़ीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई) की नीति लागू की। इस बात से किसी को इनकार नहीं होगा कि उस वक्त देश को विदेशी मुद्रा की कितनी आवश्यकता थी और डॉ. सिंह इस बात को समझते थे कि अगर अर्थव्यवस्था को दुनिया के समकक्ष बनाने कि लिए एफ़डीआई कितना महत्वपूर्ण है।

## सेबी को मिले वैधानिक अधिकार

वित्तीय बाज़ारों को पारदर्शी और उसमें खुदरा निवेशकों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए उन्होंने कंट्रोल्स ऑफ कैपिटल इश्यूज की व्यवस्था को समाप्त करते हुए सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) को वैधानिक अधिकारों से लैस किया। उनके इस कदम ने वित्तीय बाजार के तमाम घटकों के लिए आने वाले समय में कई तरह के रेगुलेटरों की राह खोलने का काम किया। वर्तमान में बीमा बाजार के लिए इरडा, टेलीकॉम के लिए टीआरएआई, रियल एस्टेट के लिए रेरा जैसे रेगुलेटर इसी परंपरा के वाहक हैं। मनमोहन सिंह को सिर्फ आर्थिक सुधारों के पुरोधा के रूप में ही नहीं याद किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में इस देश को ऐसे कई क़ानून दिए हैं जिनकी वजह से क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिला है। ग्रामीण भारत में रोजगार की समस्या के निदान के लिए उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी नरेगा जैसा क़ानून बनाया। इस स्कीम की सफलता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तमाम आलोचनाओं के बाद उनके बाद आने वाली सरकारों ने भी इस स्कीम को जारी रखा हुआ है। सबको शिक्षा मिले, इसके लिए वह राइट टू एजुकेशन क़ानून लाये। एक और बेहद महत्वपूर्ण क़ानून उनके प्रधानमंत्रित्व काल में आया। वह है राइट टू इन्फ़ॉर्मेशन यानी आरटीआई। सूचना का अधिकार मिलने के बाद देश में किस तरह का बदलाव देखने को मिला है, इस हक़ीक़त से सब वाक़िफ़ हैं।

## भारत अमेरिका परमाणु समझौता अहम फैसला

ग्रामीण इलाक़ों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कदम उठाते हुए उनके प्रधानमंत्री रहते राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनएचआरएम) की शुरुआत हुई। 2008 में हुए भारत अमेरिका परमाणु समझौते ने भले ही उनकी सरकार को ख़तरे में डाल दिया। बावजूद इसके वह अडिग रहे और इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसी वर्ष किसानों की ऋण माफ़ी का उनका फ़ैसला भी आया जिसने वर्ष 2009 के चुनावों में उनकी सरकार की वापसी की राह की। ये डॉ. सिंह की दूरदृष्टा नीतियों और सोच का ही परिणाम है कि उनके बाद आई सरकारों और उनके नेतृत्व ने आर्थिक सुधारों की नीतियों को निरंतर आगे बढ़ाया। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में आर्थिक विकास दर को आठ फ़ीसदी से आगे ले जाने वाले मनमोहन सिंह की नीतियों की उपेक्षा न तीसरा मोर्चा की सरकार कर पाई और न ही भाजपा की पहली सरकार बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी। देश की मौजूदा सरकार भी कमोबेश मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों के बुनियादी ढांचे पर इमारतें खड़ी कर रही है। आज कई सेक्टरों में आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने की ज़रूरत है। बीमा सेक्टर में सौ फ़ीसदी विदेशी निवेश की तरफ़ सरकार क़दम बढ़ा रही है।

## दूरगामी प्रभाव वाले परिवर्तनकारी फैसले

भारत में आर्थिक उदारीकरण के नायक डा. मनमोहन के कार्यकाल में ही सूचना का अधिकार (आरटीआई), शिक्षा का अधिकार (आरटीई), मनरेगा, 2008 की आर्थिक मंदी से भारत को बचाना, 3.69 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों के करीब 72 हजार करोड़ रुपये के कर्ज़ की माफ़ी, वर्ष 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भोजन का अधिकार, जिसमें 81.35 करोड़ लोग कवर हैं, अमेरिका से एटमी डील जैसे युग परिवर्तनकारी फैसले हुए। डा. मनमोहन के नेतृत्व में ही सेबी को प्रभावी बनाया गया, इरडा, रेरा, ट्राई जैसे नियामकों का दौर शुरू हुआ, एफडीआई नियमों में ढील दी गई, इसकी सीमा बढ़ाई गई, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने का प्रयास शुरू हुआ। वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की पूरी तरह कायापलट दी। मौजूदा सरकार अर्थशास्त्री दिवंगत डा. मनमोहन सिंह से कई सीख ले सकती है। केंद्र सरकार मनरेगा को मजबूती देकर सरकार फ्रीबिज (रेवड़ी कल्चर) को खत्म कर सकती है, खाद्य सुरक्षा के तहत मुफ्त अनाज योजना को भी मनरेगा से जोड़ा जा सकता है। आर्थिक उदारीकरण का अगला दौर शुरू कर सकती है, कॉपरेटिव अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती है, डिजिटल सेक्टर व ग्रीन एनर्जी सेक्टर के लिए नया नियामक ला सकती है। महंगाई और धीमी ग्रोथ से जूझ रही भारतीय अर्थव्यवस्था को अगर वर्ष 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनान है तो डबल डिजिट जीडीपी के लिए आर्थिक सुधार के लिए कई बोल्ड फैसले लेने होंगे।

## निवेश नीतियों को लचीला बनाने की जरूरत

कई अन्य क्षेत्रों में विदेशी निवेश नीतियों को और लचीला बनाने की ज़रूरत है। जिन सेक्टरों में ऑटोमैटिक रूट से 74 फीसदी विदेशी निवेश की इजाज़त है उसे सौ फ़ीसदी किए जाने की ज़रूरत है। डिफेंस, अंतरिक्ष जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को छोड़ भी दिया जाए तो भी कई ऐसे सेक्टर उदारीकरण की बाट जोह रहे हैं। श्रम सुधारों पर मौजूदा और पिछली सरकारों ने विचार तो किया है लेकिन ठोस पहल करना अभी बाक़ी है। मौजूदा सरकार ने श्रम क़ानूनों को तर्कसंगत बनाने का क़दम उठाया है लेकिन कंपनियों के नौकरी देने और लेने के नियमों को और उदार बनाकर उन्हें ज़्यादा अधिकार देने की वकालत विशेषज्ञ करते हैं। सरकार को उस दिशा में क़दम उठाना होगा। मैन्यूफ़ैक्चरिंग की मौजूदा रफ़्तार को देखते हुए उसके लिए नए इनोवेटिव प्रोत्साहन ढूंढने होंगे। आर्थिक विकास दर को वापस आठ फ़ीसदी की दर से ऊपर ले जाकर ही देश डॉ. मनमोहन सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि दे पाएगा।

# भारत का 'मनमोहक' अध्याय लिखा



**विश्लेषण**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार


डॉ. मनमोहन सिंह हमारे बीच से 92 वर्ष की उम्र में गए हैं। यानी उन्होंने भरपूर जीवन जिया। किंतु मनुष्य के जीवन का अर्थ उसकी सार्थकता में है। उनके पूरे जीवन पर दृष्टि दौड़ाएं तो बहुत कम लोग होंगे जिन्होंने इतनी उपलब्धियां प्राप्त की। उनकी गिनती गिने-चुने लोगों में होगी जिन्होंने एक विस्थापित और शरणार्थी परिवार के रूप में भारत में शुरुआत की और लगातार किसी न किसी रूप में भारत के नीति निर्माण में संलग्न रहे तथा सत्ता शीर्ष तक पहुंचे। इन अर्थों में उनका जीवन सबके लिए प्रेरणादायी है। अत्यंत कठोर जीवन से आरंभ कर परिश्रम की बदौलत उच्च शिक्षा प्राप्त करना, शानदार ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री एवं प्रोफेसर बनना, वहां से वित्त सचिव, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, योजना आयोग के प्रमुख , प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रमुख, वित्त मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे तथा 10 वर्ष का रिकॉर्ड भी बनाया।

## नीति निर्माण में रहे सक्रिय

स्वतंत्रत भारत के इतिहास में शायद ही कोई गैर राजनीतिक और गैर नौकरशाही पृष्ठभूमि से निकलकर लगातार भारत के नीति निर्माण में इतने सक्रिय स्तरों पर बने रहने वाला दिखेगा। मनुष्य की नियति तो होती है किंतु अपने कर्मों से उसे साकार करना और अपनी योग्यता क्षमता साबित करने का दायित्व हम पर है। डॉक्टर मनमोहन सिंह इन कसौटियों पर खरे उतरते हैं। जब उनके प्रधानमंत्री बनने का समाचार सार्वजनिक हुआ उसके पहले किसी की कल्पना में भी नहीं था। उन्होंने लोकप्रिय राजनेता अटलबिहारी वाजपेयी के बाद देश की बागडोर संभाली थी और गठबंधन दलों के साथ। तब देश को दस वर्षों तक राजनीतिक स्थिरता उन्हीं के प्रधानमंत्रित्व काल में कायम रही। भारत अमेरिकी नाभिकीय समझौता और देश को प्रतिबंधों से मुक्त कराने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ही थी जिस कारण वामपंथी दलों द्वारा समर्थन वापसी का धक्का स्वीकार करते हुए भी अड़े रहे। मनरेगा, खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाएं उसी कार्यकाल में आरंभ हुईं। जब 2008 में विश्व आर्थिक संकट से ग्रस्त हुआ तो भारत के सुरक्षित रहने के पीछे पहले का सशक्त आर्थिक आधार था, लेकिन उसे संभालने की उनकी क्षमता नहीं होती, प्रधानमंत्री के रूप में सही दिशा नहीं देते तो बचना कठिन होता। प्रधानमंत्री के रूप में उनकी अनेक उपलब्धियां थीं, पर वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का वर्णक्रम बदल दिया, नीतियों, सोच और ढांचों में ऐसी आधारभूमि विकसित कर दी जिन पर देश यहां तक बढ़ा है।

## अर्थव्यवस्था को संभाला

जब 1991 में नरसिंह राव ने कांग्रेस की अल्पमत सरकार का गठन किया तो उनके सामने कई चुनौतियां थीं जिनमें सबसे मुख्य अर्थव्यवस्था को संभालना था। उन्होंने डॉ. सिंह को फोन किया कि आपको कल वित्त मंत्री की शपथ लेनी है। शपथ लेने के बाद दोनों ने अधिकारियों के साथ आर्थिक व वित्तीय हालात की गहन समीक्षा की और फिर भारतीय अर्थव्यवस्था के सम्पूर्ण वर्णक्रम का बदलाव आरंभ हो गया। 1991 में तब देश का



चालू खाता का घाटा सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का तीन प्रतिशत था। राजकोषीय घाटा तो खतरे के निशान को काफी पीछे छोड़कर सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का आठ प्रतिशत तक पहुंच गया था। देश 29 हजार करोड़ डॉलर के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ था। करीब एक लाख करोड़ से कम के बजट वाले देश में इतना कर्ज बहुत होता है। देश को चलाने के लिए केवल अगले 15 दिनों का धन बचा था। जून 1991 में देश के पास केवल 110 करोड़ डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार शेष बचा था, जिससे केवल 15 दिन का आयात किया जा सकता था। इसी कारण पूर्व चन्द्रशेखर सरकार ने 67 टन सोना लंदन के बैंक ऑफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर कर्ज लिया था। भारत डिफॉल्टर होने की स्थिति में था। तब देश के शहरी इलाकों में पुरुषों की बेरोजगारी दर 56 प्रतिशत और महिलाओं की 73 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों के पुरुषों में 39 और महिलाओं में 37 प्रतिशत थी। उस दौरान हर 100 में 60 लोग बेरोजगार हो चुके थे। वास्तव में यह कहना बिल्कुल सही होगा कि जिस समय मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री का प्रभार संभाला उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था वेंटीलेटर पर पड़ी हुई अंतिम सांसें गिन रही थी। विदेशी निवेश न के बराबर था। नरसिंह राव और मनमोहन सिंह की जोड़ी को स्थिति बदलनी थी और उन्होंने सफलतापूर्वक ऐसा किया। जब भी देश का आर्थिक इतिहास लिखा जाएगा 24 जून, 1991 से लेकर 24 जुलाई, 1991 तक एक महीने में नरसिंह राव और मनमोहन सिंह की टीम के निर्णय भारत की तकदीर बदलने वाले थे। डॉ. सिंह ने पूरा ब्लू प्रिंट तैयार करने के साथ अपनी टीम बनाई। वित्त मंत्रालय में देर रात तक बैठकों का सिलसिला चलता रहा। नई नीतियों के निर्माण का काम तेजी से होने लगा। व्यक्ति के पास योग्यता, क्षमता और साहस नहीं हो तो 34 वर्षों से चली आ रही व्यवस्था को सीधे पलटकर नई व्यवस्था की कल्पना नही कर सकता। मनमोहन सिंह की योजना से रुपये का अवमूल्यन हुआ। 20 प्रतिशत तक अवमूल्यन किया गया। उस दौरान 3 दिन के अंदर भारतीय रुपये का मूल्य एक डॉलर के मुकाबले 21.09 रुपये से घटकर 25.95 रुपये हो गया। 18 जुलाई के ठीक 6 दिन बाद यानी 24 जुलाई को मनमोहन सिंह ने बतौर वित्त मंत्री अपना पहला बजट पेश किया जो वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था को बंधनों से मुक्त कर विश्व अर्थव्यवस्था की मुख्य धारा में लाने तथा उसके साथ सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ने की नीतियों और कार्ययोजनाओं का दस्तावेज था। इसी दिन संसद में उद्योग नीति को भी प्रस्तुत कर दिया गया। यहां से भारत के जीवन में एक नए दौर की शुरुआत हुई। जिन लोगों ने जुलाई 1991 के पहले की दुनिया देखी है उनको 1996 तक नरसिंह राव सरकार के जाते-जाते बदले हुए संचार सहित सूचना तंत्र क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों वाले भारत की कल्पना करना मुश्किल था। हालांकि मनमोहन सिंह को व्यापक विरोध का सामना करना पड़ा। वामपंथी और स्वदेशी सोच की बहुतायत वाले राजनेताओं का वर्चस्व इस बदलाव को स्वीकार करने को तैयार नहीं था। लेकिन मनमोहन सिंह राजनीति से विचलित हुए बिना एक अर्थवेत्ता नेता की तरह अपना काम करते रहे। हम इस बात पर बहस कर सकते हैं कि क्या पश्चिमी मॉडल की उदारवादी अर्थव्यवस्था की जगह अगर स्वदेशी मॉडल की अर्थव्यवस्था अपनाई जाती तो वह ठीक नहीं होता?

## अर्थव्यवस्था का इतिहास बदला

सच यही है कि आलोचना करते हुए भी किसी के पास ठोस विकल्प नहीं था। जिन लोगों ने आलोचना की, विरोध किया, आंदोलन किया, सबने बाद में उसी अर्थनीति को आगे बढ़ाया। इस तरह वित्त मंत्री के रूप में उनका योगदान भारतीय अर्थव्यवस्था का इतिहास बदलने वाला रहा तो प्रधानमंत्री के रूप में उस इतिहास को सुदृढ़ करने वाला। देश उनका कृतज्ञ रहेगा।

# मौन रहकर बदल दी आर्थिक तस्वीर



**अर्थव्यवस्था**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

डॉ. मनमोहन सिंह का नाम भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में अमिट स्थान रखता है। 26 दिसंबर 2024 को उनके निधन के साथ, देश ने एक ऐसे नेता को खो दिया जिसने न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी सादगी, विद्वत्ता और दूरदर्शिता ने उन्हें एक असाधारण नेता बनाया। वे न केवल एक कुशल अर्थशास्त्री थे, बल्कि उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और देश को आर्थिक संकट से उबारा। उन्हें वर्ल्ड के बेस्ट इकोनॉमिस्ट के रूप में भी देखा जाता है। फाइनेंस मिनिस्टर रहते हुए उन्होंने भारत के विकास में चार चांद लगाने के लिए कई रणनीतियां बनाई और उनको इंप्लीमेंट भी किया।

## अर्थव्यवस्था में खामोश क्रांति

बातों से ज्यादा काम पर ज़ोर देने की उनकी प्रवृत्ति का विरोधियों ने भले ही मज़ाक उड़ाया हो, लेकिन शायद अपने इसी स्वभाव की वजह से मनमोहन सिंह वह सब करने में सफल हुए जिसे भारतीय अर्थव्यवस्था में एक खामोश क्रांति का दर्जा दिया जा सकता है। अगर उनकी शख्सियत इतनी शांत-सौम्य और किसी को आक्रांत न करने वाली नहीं होती, तो शायद वे गठबंधन राजनीति के दौर में वैसे अहम फैसले और नीतिगत बदलाव नहीं कर पाते, जिन्हें उन्होंने बड़ी खामोशी से अंजाम दिया। अगर वे अपने हर काम, हर उपलब्धि का ढिंढोरा पीटने वाले नेता होते, तो विरोधी भले ही उन्हें 'मौन-मोहन' नहीं कह पाते, लेकिन तब शायद हम उन्हें आधुनिक भारत के 'अजातशत्रु' के तौर पर याद नहीं कर रहे होते।

## निजीकरण को दिया बढ़ावा

एक अर्थशास्त्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होकर उन्होंने देश की सेवा की थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर जैसे पद पर रहे डॉ. मनमोहन सिंह केंद्रीय वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक संकट से जूझते देश को नई आर्थिक नीति का उपहार दिया और प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए उदारवादी आर्थिक नीति को बढ़ावा दिया और देश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान दी। मनमोहन सिंह ने 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के तौर पर देश का नेतृत्व करने से पहले 1991 में वित्त मंत्री के रूप में देश में नई आर्थिक नीतियों की आधारशिला रखी। 1991 में जब देश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था तो डॉ. मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया शुरू की। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म हो चुका था और देश कर्ज के बोझ तले दबा हुआ था।

इस कठिन समय में, उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोला। उनके नेतृत्व में किए गए सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाया। लाइसेंस राज का खात्मा, विदेशी निवेश को प्रोत्साहन और निजीकरण को बढ़ावा देना उनके सुधारों के मुख्य स्तंभ थे। इन नीतियों ने न केवल आर्थिक संकट को टाला बल्कि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर दिया। आज की



मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था उन्हीं सुधारों की नींव पर खड़ी है। उनके योगदान ने साबित कर दिया कि सही निर्णय और दृष्टिकोण किसी भी संकट को अवसर में बदल सकते हैं। हालांकि, उन आर्थिक सुधारों की एक कीमत चुकानी पड़ी। कॉर्पोरेट टैक्स बढ़ाए गए, रसोई गैस और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी कम की गई, और पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि की गई।

## आर्थिक मंदी के प्रभाव से बचाया

बहरहाल, मनमोहन सिंह देश में आर्थिक सुधारों के पुरोधा रहे। 1991 में देश का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 8.5 के इर्द गिर्द था। वे महज एक वर्ष उसे 5.9 फीसदी के स्तर ले आए। डॉ. सिंह के लागू किए आर्थिक सुधार कार्यक्रमों के बाद डूबती हुई अर्थव्यवस्था ने वह मुकाम हासिल कर लिया कि उसे पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा। 1991 से 1996 के बीच उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों की आज भी दुनिया भर में प्रशंसा की जाती है।

इतना ही नहीं, 2008 में जब अमेरिका और पश्चिमी देशों में आर्थिक मंदी आयी, तब भारत भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहा। उस समय डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और उनकी आर्थिक नीतियों ने भारत को इस संकट से बचाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी सरकार ने वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाए। सार्वजनिक निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्रों में मांग को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा जैसी योजनाओं को लागू किया गया। इन नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मंदी के प्रभाव से उबरने में मदद की और ये साबित किया कि डॉ. सिंह न केवल एक कुशल अर्थशास्त्री हैं बल्कि एक सक्षम संकट प्रबंधक भी। प्रधानमंत्री के तौर पर मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल को गठबंधन के दबावों के बीच आपसी सहयोग और संतुलन से सरकार चलाने की मिसाल माना जा सकता है।

## विवादों के बीच भी ईमानदार रहे

वे राजनीति में लगभग अनचाहे कदम रखने वाले व्यक्ति थे, जिन्हें सक्रिय राजनीति के उतार-चढ़ावों का सामना करना पड़ा। तमाम विवादों के बीच भी मनमोहन सिंह की ईमानदारी और देश के आर्थिक विकास के प्रति उनकी निष्ठा संदेह से परे रही। डॉ मनमोहन सिंह की पहचान हमेशा एक निस्वार्थ राजनेता की बनी रही। विरोधी भले ही उन्हें 'मौनमोहन सिंह' कहते हों, लेकिन अपनी शांत छवि के बावजूद वे एक दृढ़ संकल्प वाले नेता थे। इसकी झलक देश ने उस वक्त देखी थी, जब 2008 में भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के कारण उनकी सरकार लगभग गिरने की स्थिति में आ गई थी, लेकिन उन्होंने गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों के दबाव में झुकने की बजाय उनका मुकाबला पूरे आत्मविश्वास से किया और संसद में विश्वास मत जीत लिया।

## राजनीति के लिए प्रेरक


उस वक्त अपनी सरकार के खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था, 'लोकतंत्र की महानता यही है कि हम सभी प्रवासी पक्षियों की तरह हैं। जो आज हैं, कल चले जाएंगे। लेकिन इस दौरान जो जिम्मेदारी हमें जनता देती है, उसे ईमानदारी और निष्ठा से निभाना हमारा कर्तव्य है।'

डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन और योगदान भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने अपने ज्ञान, साहस, और दूरदर्शिता से न केवल भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकाला बल्कि इसे वैश्विक मंच पर एक मजबूत देश के रूप में स्थापित किया। उनका निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

# अल्लू अर्जुन का किरदार काफी मुश्किल वाला रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने फिल्म पुष्पा 2 की सफलता की वजह बताई है। कंगना रनौत ने हाल ही में 'पुष्पा 2' की सक्सेस पर बात की। बता 'पुष्पा 2 के हिंदी वर्जन ने तेलुगू वर्जन से काफी ज्यादा कमाई की है। कंगना का कहना रहा कि अल्लू अर्जुन ने जिस तरह का किरदार अदा किया है वो काफी मुश्किल है लेकिन यदि यही किरदार किसी बॉलीवुड सेलेब को दे दिया जाता तो वो शायद नहीं कर पाता। कंगना ने कहा,'पुष्पा 2' में जो रोल एक्टर ने किया है वो एक मजदूर का किया है। आज हमारी बॉलीवुड में कौन सा हीरो एक मजदूर का रोल निभाना चाहेगा? कोई नहीं। इन लोगों को 6 पैक एब्स, एक हॉट बेब, बीच, बाइक, टशन, आइटम नंबर बस यही सब चाहिए.जैसा कि मैंने कहा कि जब आप एक व्यक्तित्व के लिए संवेदनशील हो जाते हैं तभी आप स तरह के किरदार निभा पाते हैं।




## साल 2025 में हर फ्लेवर सस्पेंस, थ्रिलर, रोमांस, कॉमेडी और हॉरर फिल्में होंगी रिलीज

# नए साल में 'सिकंदर' से 'इमरजेंसी' तक, इन धांसू फिल्मों से हिलेगा दिमाग

**मुंबई।** साल 2024 खत्म होने वाला है। अब साल 2025 दस्तक देने के लिए तैयार है। ऐसे में हम आपके लिए ऐसी फिल्मों की सूची लेकर आए हैं जो 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी और दर्शकों को इनका बेसब्री से इंतजार है। कंगना रनौत, सलमान खान, आमिर खान, अक्षय कुमार, शहारुख खान, अजय देवगन, आलिया भट्ट, ऋषभ शेट्टी और राम चरण समेत कई अन्य अभिनेताओं की फिल्में अगले साल रिलीज होने वाली हैं। प्रशंसक विक्की कौशल, कमल हासन, प्रभास और जाह्नवी कपूर की फिल्मों को भी देखने के लिए उत्सुक हैं।

***कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी :*** कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस राजनीतिक ड्रामा में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। इमरजेंसी का लेखन, निर्देशन और सह-निर्माण भी कंगना ने ही किया है। फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और दिवंगत सतीश कौशिक भी हैं। यह फिल्म 1975 से 1977 तक 21 महीनों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा लगाए गए आपातकाल और उसके बाद की स्थिति पर आधारित है।




***सलमान खान की सिकंदर :*** सलमान खान अपनी आगामी एक्शन फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगे। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होगी। फिल्म में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। इस फिल्म में तृषा भी हैं।

***आमिर खान की सितारे जमीन पर :*** आमिर खान कई साल बाद वापली करने के लिए तैयार हैं। उनकी अगली फिल्म जून-जुलाई तक



सिनेमाघरों में आएगी। आने वाली फिल्म उनकी 2007 की फिल्म 'तारे जमीन पर' का सीक्वल है। वैसे सीक्वल होते हुए भी फिल्म की कहानी अलग होगी। इतना ही नहीं नई फिल्म में मूल किरदार भी देखने को नहीं मिलेंगे।

***आलिया-शरवरी की अल्फा :*** यशराज फिल्म्स की अगली स्पाई यूनिवर्स फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में हैं। यह 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहली फीमेल ओरियेंटेड वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म के रूप में पेश की गई इस फिल्म का निर्देशन शिव रवैल ने किया है। हाल ही में आलिया और शरवरी दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए कश्मीर गई थीं।

***ऋषभ शेट्टी नजर की कंतारा: चैप्टर 1 :*** ऋषभ शेट्टी होम्बले फिल्म्स की फिल्म में नजर आएंगे, जो सात भाषाओं में रिलीज होगी। माना जाता है कि यह फिल्म 300 से 401 ईस्वी के बीच कर्नाटक के आधुनिक उत्तर कन्नड़ क्षेत्र में कदंब राजवंश के शासनकाल के दौरान हुई थी। पौराणिक थ्रिलर 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

***विक्की, अक्षय और रश्मिका की छावा :*** विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' फरवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दिनेश विजान द्वारा निर्मित और लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित, फिल्म में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं और अक्षय खन्ना मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका में हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं। छावा मराठा सम्राट और शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज पर एक जीवनी नाटक है।

***गैंगस्टर ड्रामा पर आधारित ठग लाइफ :*** फैंस कमल हासन को 'ठग लाइफ' में सिलंबरासन टीआर के साथ देखेंगे। 'ठग लाइफ' 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को गैंगस्टर ड्रामा बताया जा रहा है। 'ठग लाइफ' का निर्देशन मणिरत्नम ने किया है।

### *ये फिल्में भी होंगी रिलीज*

*साल 2025 में कई और फिल्में भी रिलीज होंगी, जिनमें फरहान अख्तर की '120 बहादुर' 21 नवंबर को रिलीज होगी। 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और आर माधवन मुख्य भूमिका में होंगे। यह 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आयुष्मान खुराना अभिनीत 'थामा' दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करेंगे। अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित 'आजाद' 17 जनवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में अजय भी अहम भूमिका में हैं। 'द दिल्ली फाइल्स', 'बागी 4', 'रेड 2', 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी 2025 में रिलीज होंगी। 'वेलकम टू द जंगल' और 'किंग' की रिलीज डेट अभी साफ नहीं है, लेकिन ये भी अगले साल की सबसे धांसू फिल्मों में शामिल है। इसके अलावा अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी भी 'भूत बंगला' के साथ अगले साल वापसी करेगी।*


# टेलर बनी सबसे अमीर महिला म्यूजिशियन



**लॉस एंजिलस।** अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट अपने गानों के लिए दुनियाभर में फेमस हैं। भारत में उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। सिंगर ने पिछले साल मार्च 2023 में अपने एरा टूर की शुरुआत की थी, जिसका 8 दिसंबर 2024 को एंड हो गया है। बता दें, टेलर स्विफ्ट के गानों का हर कोई दीवाना है। सिंगर 14 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वहीं उन्होंने एमी अवॉर्ड भी अपने नाम किया है। इसी के साथ अब टेलर स्विफ्ट अब दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन चुकी हैं। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी कुल नेट वर्थ करीब 1.6 बिलियन डॉलर बताई जा रही है। सिंगर ने पॉप स्टार रिहाना को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया है, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन डॉलर है। करीब 2 साल तक अपने इन एरास टूर के दौरान टेलर कई बार इमोशमल हुई। टेलर का टोरंटो शो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# 'भूल-भूलैया-3' ओटीटी पर दी दस्तक

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और विद्या बालन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' को दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर इसने खूब नोट छापे। अब यह फिल्म अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'भूल भुलैया 3' का प्रीमियर



27 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने शुरू हो गया है। निर्माताओं ने लिखा, 'रहस्य के दरवाजे जल्द ही खुलेंगे। इसे भूले ना।' 150 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'भूल भुलैया 3' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 278.42 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक की जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। माधुरी दीक्षित ने भी फिल्म में अदाकारी का तड़का लगाया है।

DELHI PUBLIC SCHOOL, BHILAI
(Under the aegis of the Delhi Public School Society, Delhi)
RISALI SECTOR, BHILAI (CHHATTISGARH) 490006
(Co-Educational, English Medium CBSE Affiliation no. 3330009)
E-mail: principal@dpsbhilai.in | Website: www.dpsbhilai.in
ADMISSION NOTICE CLASSES IX & XI (2025-26)
Online Registration for admission to classes IX & XI is open now. For more details visit our website www.dpsbhilai.in.
Limited seats. Hostel Facilities Available
PRINCIPAL

# 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' पर अली ने लगाई मुहर...



**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता इम्तियाज अली इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म को लेकर चर्चा तो काफी पहले से शुरू हो चुकी हैं। कहा जा रहा है कि इसमें पहली बार फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। अब आखिरकार इम्तियाज ने यह पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म फहाद मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और उनकी फिल्म का नाम 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' है। इम्तियाज ने हाल ही में उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में अपनी अगली फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा इसका नाम 'द इडियट ऑफ इस्तांबुल' है। यह फिल्म मुझे फहाद फासिल के साथ बनानी है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म बन रही है, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह अगली फिल्म होगी या नहीं। हां, मैं काफी वक्त से इस फिल्म को बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

***अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग :*** 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' के जरिए फहाद बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब फहाद और तृप्ति पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। यह फिल्म किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला

### किसी ने पहना सुर्ख लाल लहंगा, तो कोई बनी स्टाइलिश दुल्हनिया रानी

# टीवी की इन सुंदर हसीनाओं ने की 2024 में शादी...

**नई दिल्ली।** इस साल कई टीवी और बॉलीवुड कलाकार शादी के बंधन में बंधे। टीवी की कुछ एक्ट्रेस साल 2024 में दुल्हनिया बनीं। इस लिस्ट में सुरभि ज्योति और आरती सिंह जैसी अदाकाराओं का नाम शामिल है। सभी ने अपने लुक ने फैंस का दिल जीता। कुछ तो इतनी कमाल की दिखीं कि सोशल मीडिया पर तस्वीरें आग की तरह वायरल हो गईं।



**सोनारिका भदौरिया :** कशादियों टीवी शो देवों के देव... महादेव में पार्वती का रोल निभाने वाली फेमस एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया ने इसी साल शादी की। उनकी शादी 18 फरवरी के दिन हुई थी। उनके हसबैंड का नाम विकास पाराशर है। दोनों ही शादी वाले जोड़े में कमाल के दिख रहे थे।

**दिव्या अग्रवाल :** बिग बॉस ओटीटी की विजेता दिव्या अग्रवाल सोशल मीडिया पर अक्सर छाई रहती हैं। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड अपूर्वा पडगांवकर संग 20 फरवरी के दिन शादी की। दिव्या ने शादी के दिन लाल ऑउटफिट न चुनते हुए यूनिक लुक लिया था।



**सुरभि चंदना बनीं करण की दुल्हनियां :** नागिन और इश्कबाज जैसे शो में काम कर सुरभि चंदना ने खूब वाहवाही कमाई। वो भी इस साल सालों के रिलेशनशिप के बाद करण शर्मा की दुल्हनिया बनीं। दोनों ने 2 मार्च को शादी की थी। एक्ट्रेस की शादी की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुई थीं।




**गोविंदा की भांजी आरती सिंह :** गोविंदा की भांजी आरती सिंह ने भी अपनी शादी के लिए सुर्ख लाल लहंगा चुना। जुहू स्थित इस्कॉन मंदिर में आरती ने दीपक चौहान से शादी की, जो पेशे से बिजनेसमैन हैं। दोनों की शादी में गोविंदा भी पहुंचे थे। आरती का वेडिंग लुक फैंस को बहुत पसंद आया था।



**श्रीजिता डे ने की माइकल से शादी :** श्रीजिता डे और माइकल ब्लोहम-पेप ने साल 2023 में चर्च वेडिंग की थी लेकिन इस साल कपल ने एक बार फिर बंगाली परंपराओं से शादी की। श्रीजिता सिंपल लुक में भी कमाल की दिख रही हैं।

# आरआरआर बनने की कहानी बिहाइंड एंड बियॉन्ड' का ट्रेलर जारी



**मुंबई।** जाने-माने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खूब सराहना मिली। फिल्म गोल्डन ग्लोब और ऑस्कर जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार भी लेकर आई। इस फिल्म में रामचरण और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब राजामौली डॉक्यूमेंट्री फिल्म आरआरआर : बिहाइंड एंड बियॉन्ड' लेकर आ रहे हैं, जिसमें वह आरआरआर बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे। आखिरकार आरआरआर : बिहाइंड एंड बियॉन्ड' का ट्रेलर का सामने आया गया है। इस फिल्म के जरिए राजामौली बताना चाहते हैं कि फिल्म बनने के लिए उन्होंने कितनी मुश्किलों का सामना किया था। इस फिल्म में इसके सफल ऑस्कर अभियान के पीछे के दृश्यों को भी दिखाया जाएगा। डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 27 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर हो रहा है। निर्माताओं ने इसकी घोषणा करते हुए लिखा, 'आपने आग और पानी तो देख लिया है। अब देखिए चिंगारी किसने जलाई।'

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते
जीएसटी करदाता ध्यान दें !
कृपया वित्तीय वर्ष 2023-24 का अपना वार्षिक रिटर्न फॉर्म GSTR-9* और फॉर्म GSTR-9C# में दाखिल करें
अंतिम तिथि से पहले
दिसंबर 2024
31
CBC 15502/13/0004/2425
*इन करदाताओं द्वारा फॉर्म GSTR-9 दाखिल किया जाना अनिवार्य है
ऐसे सभी जीएसटी करदाता, जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर ₹ 2 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान), निम्न को छोड़कर:
» इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर
» कैजुअल टैक्सेबल पर्सन
» टीडीएस डिडक्टर
» टीसीएस कलेक्टर
» प्रवासी टैक्सेबल पर्सन
#इन करदाताओं द्वारा फॉर्म GSTR-9C दाखिल किया जाना अनिवार्य है
ऐसे करदाता, जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर ₹ 5 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान), द्वारा फॉर्म GSTR-9 में वार्षिक रिटर्न के साथ फॉर्म GSTR-9C में स्व-प्रमाणित रिकॉन्सिलिएशन स्टेटमेंट दाखिल किया जाना आवश्यक है
फॉर्म GSTR-9 और फॉर्म GSTR-9C विलंब से दाखिल किए जाने पर विलंब शुल्क लगता है।
जीएसटी वार्षिक रिटर्नों के विवरण के लिए कृपया स्कैन करें
केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india www.cbic.gov.in

महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली वारदात

दर्दनाक... बेटी को लेकर 21 वीं सदी में भी नहीं बदली समाज की सोच

# तीसरी बेटी होने पर भड़के पति ने जिंदा जला डाला

एजेंसी ▶▶ परभणी

महाराष्ट्र के परभणी जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां गंगाखेड़ नाका इलाके में 26 दिसंबर की रात एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया।

आरोप है कि महिला का पति इस बात से नाराज था कि पत्नी ने तीसरी बार भी बेटी को जन्म दिया था। इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है, जिसकी तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। शनिवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता 34 वर्षीय मैना कुंडलिक काले की बहन ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि आरोपी कुंडलिक उत्तम काले अपनी पत्नी को लगातार ताने मारता था और गाली-गलौज करता था, क्योंकि कुंडलिक के यहां तीन बेटियां हुई थीं। इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते थे। 26 दिसंबर की रात विवाद इतना बढ़ गया कि कुंडलिक ने मैना के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगते ही महिला चीखते हुए इधर-उधर भागने लगी। लोगों ने जब देखा तो वे आग को बुझाने की कोशिश करने लगे। काफी लोग मौके पर जमा हो गए। पेट्रोल की वजह से आग बेहद मुश्किल से बुझी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। गंभीर रूप से झुलस चुकी मैना को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई।


■ आग की लपटों में घिरी सड़क पर दौड़ी, लोगों ने कंबल-पानी फेंका

### पुलिस कर रही है मामले की जांच

इस मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने कुंडलिक काले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस मामले की जांच पूरी होने तक पुलिस इस पर कोई बयान देने को तैयार नहीं है।

### 21वीं सदी में भी पुरुषवादी सोच

इस घटना ने पूरे इलाके को चौंका कर रख दिया है। बेटी को लेकर समाज की सोच कितनी बदली है। इसका एक हैरान करने वाला उदाहरण है। यह पहला ऐसा मामला नहीं जब बेटी को जन्म देने पर पति ने पत्नी से मार पीट की और उसे मौत के घाट उतार दिया। इससे पहले भी देश के अलग-अलग हिस्सों से महिलाओं के खिलाफ इस तरह की घटना देखने को मिलती रही हैं। महाराष्ट्र के परभणी में एक पति ने अपनी पत्नी को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि उसने तीसरी बेटी को जन्म दिया था।

## कजाकिस्तान प्लेन क्रैश के लिए रूस जिम्मेदार, पुतिन ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ मास्को

कजाकिस्तान विमान हादसे के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'माफी' मांगी है। रूस ने हादसे को एक 'दुखद घटना' बताते हुए कहा कि एयर डिफेंस उस समय यूक्रेनी ड्रोन हमलों का जवाब दे रहा था, जब यह हादसा हो गया। इससे पहले अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलिएव ने पुतिन से कहा था कि प्लेन में रूसी एयर स्पेस में बाहरी हस्तक्षेप हुआ था, फिर विमान ने अपना नियंत्रण खो दिया और अक्ताऊ की तरफ मुड़ना पड़ा। फ्लाइट J2-8243 कजाकिस्तान के अक्ताउ में बुधवार को क्रैश कर गया था। दावा है कि उस दौरान इलाके में यूक्रेन ड्रोन हमले कर रहा था, जिसका रूसी एयर डिफेंस जवाब दे रही थी। हादसे के बाद सामने आई तस्वीरों में देखा गया कि विमान की



बॉडी में कुछ सुराख हो रखे थे, जो कि संभावित रूप से मिसाइल के टुकड़े लगने से हुए थे। इस हादसे में दो पायलट और क्रू मेंबर समेत 38 लोगों की मौत हो गई थी।

### पुतिन का बयान

*पुतिन की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है, 'राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दुखद घटना के लिए माफी मांगते हैं, और एक बार फिर मृतकों के परिवार के प्रति उनकी संवेदना है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं.' बयान में रूस ने कहा, 'उस समय ग्रोज्नी, मॉजडोक और व्लादिकावकाज इलाके में यूक्रेन ड्रोन हमले कर रहा था, जिसका एयर डिफेंस जवाब दे रहा था।'*

## पुलिस कमिश्नर को भेजी गईं 3 शिकायतें

# दिल्ली में 'महिला सम्मान योजना' पर विवाद, एलजी ने दिए जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी द्वारा महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपए की घोषणा के मामले में एलजी सचिवालय ने डिविजनल कमिश्नर से जांच करने को कहा है। सचिवालय ने कहा है कि किस तरह गैर सरकारी लोग लोगों का निजी डेटा इकट्ठा कर रहे हैं।

एलजी सचिवालय ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि वे उन लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करें जो लाभ देने की आड़ में डेटा की गोपनीयता भंग कर रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल सचिवालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को तीन अलग-अलग नोट भेजे हैं। ये नोट कांग्रेस नेता और नई दिल्ली विधानसभा से उम्मीदवार द्वारा दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष शिकायतों के साथ मुलाकात के बाद भेजे गए हैं।

### आप की स्कीम के खिलाफ विज्ञापन

*दिल्ली में फिलहाल कोई संजीवनी या महिला सम्मान स्कीम लागू नहीं है। यह बात दिल्ली सरकार के दो विभागों ने खुद नोटिस जारी कर बताई है। दिल्ली चुनाव से पहले स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग का यह बयान काफी मायने रखता है, क्योंकि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली में इन दोनों योजनाओं को लेकर बड़े स्तर पर रिजस्ट्रेशन ड्राइव चला रहे हैं।*

### यह है नोट में

आप द्वारा महिला पात्र मतदाताओं को 2100 रुपये देने की घोषणा। दिल्ली में कांग्रेस के प्रस्तावित उम्मीदवारों के आवास पर पंजाब के खुफिया अधिकारियों की मौजूदगी का आरोप। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली में नकदी ट्रांसफर करने का आरोप।




### स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग ने यह कहा

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने 'संजीवनी योजना' को लेकर कहा है कि यह योजना सभी दिल्ली अस्पतालों में 60 वर्ष से अधिक आयु के निवासियों के लिए मुफ्त इलाज देने का दावा करती है, लेकिन ऐसी कोई योजना मौजूद नहीं है। विभाग का दवा है कि अवैध व्यक्तियों ने रजिस्ट्रेशन अभियान चलाया है। महिला और बाल विकास विभाग (डब्लूसीडी) ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर जनता को 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' से संबंधित गतिविधियों को लेकर चेतावनी दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली सरकार ने ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की है। योजना के तहत पैसे बांटे जाने के दावे बेबुनियाद हैं।

### आप ने गृहमंत्री शाह को घेरा

एलजी सचिवालय के नोट पर आम आदमी पार्टी का बयान आया है। पार्टी ने कहा कि भाजपा दिल्ली में महिला सम्मान योजना रोकना चाहती है। ये आदेश एलजी ऑफिस से नहीं, अमित शाह के ऑफिस से आया है। आप का आरोप है कि भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती. भाजपा दिल्ली चुनाव में हार मान चुकी है। पार्टी का कहना है कि दिल्ली में महिला सम्मान योजना को महिलाओं का पूरा समर्थन मिल रहा है।

### आप को रोकना चाहती है 'बीजेपी : केजरीवाल

दिल्ली एलजी की ओर से जांच का आदेश दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'भाजपा महिला सम्मान और संजीवनी योजनाओं से परेशान है, क्योंकि वह दिल्ली चुनाव हार रही है। कई भाजपा नेताओं ने मुझे फोन करके कहा- हमारे लिए चुनाव खत्म हो गया है। इसके बाद उन्होंने पंजीकरण शिविरों पर उत्पात मचाना शुरू किया है।

## राजस्थान के 3 नए संभाग और 9 जिले किए गए समाप्त

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय बनाए गए तीनों संभागों को निरस्त कर दिया गया है। साथ ही नए बनाए गए 19 जिलों में से 9 जिलों को समाप्त कर दिया गया है। सीकर, पाली और बांसवाड़ा को गहलोत राज में संभाग बनाया था। इन तीनों से संभाग का दर्जा छीन लिया गया है। अब ये पहले की भांति जिले ही रहेंगे। गहलोत राज में जयपुर ग्रामीण और जोधपुर ग्रामीण सहित कुल 19 जिले बनाए गए थे। इन 19 जिलों में से भी 9 जिलों से जिले का दर्जा निरस्त कर दिया है। हालिया फैसले से अब राजस्थान में पहले की भांति 7 संभाग रह गए हैं। इसी तरह जिलों की संख्या भी 41 रह गई है।

### ये जिले हुए खत्म

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अगस्त 2023 में यानी वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से करीब चार महीने पहले राजस्थान के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव कर 19 नए जिले बनाए थे। निरस्त किए जाने वाले जिलों में दूदू, केकड़ी, गंगापुर सिटी, नीम का थाना, सांचौर, शाहपुरा, अनूपगढ़, जोधपुर ग्रामीण और जयपुर ग्रामीण जिले शामिल हैं।

## 'डल्लेवाल को अस्पताल ले जाएं या कार्रवाई का सामना करें'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने के लिए मनाने के सिलसिले में पंजाब सरकार को 31 दिसंबर तक का समय दिया। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने एक अभूतपूर्व सुनवाई करते हुए स्थिति को बिगड़ने देने तथा डल्लेवाल को चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने के उसके पूर्व निर्देशों का पालन नहीं करने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। बेंच ने कहा कि डल्लेवाल अपने साथियों के दबाव में हैं और जो किसान नेता उन्हें अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे, वे उनके शुभचिंतक नहीं लगते। इसने कहा कि क्या उनकी प्राथमिकी उनका जीवन बचाना है या कुछ और? हम ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते और केवल यह उम्मीद करते हैं कि पंजाब सरकार हमारे निर्देशों का पालन करेगी।

## नौसेना में शामिल होने के बाद मोरक्को के कैसाब्लांका पहुंचा तुशिल युद्धपोत


**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का जंगी युद्धपोत आईएनएस तुशिल अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत बीते शुक्रवार को मोरक्को के कैसाब्लांका बंदरगाह पहुंचा। यहां वह मोरक्को की नौसेना के साथ अंतर संचालन में सुधार और सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को साझा करने के लिए समुद्री पासेक्स युद्धाभ्यास में भाग लेगा। तुशिल को इसी महीने 9 दिसंबर को रूस में आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल किया गया था। इसके बाद भारत में कारवार के अपने मूल तैनाती बंदरगाह पहुंचने की अपनी यात्रा के दौरान यह मित्रवत विदेशी नौसेनाओं के साथ सहयोगी युद्धाभ्यास में भाग लेगा।

## 2 डॉलर टिप मिलने से भड़की चाकू से किए ताबड़तोड़ 14 वार

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में कम टिप मिलने से नाराज पिज्जा डिलीवरी गर्ल ने प्रेगनेंट महिला पर चाकू से 14 बार हमला किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 2 डॉलर यानी करीब 170 रुपए टिप मिलने से नाराज हुई और वारदात को अंजाम दिया। हमले में महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर बनी हुई है। न्यूज के मुताबिक कुछ दिन पहले फ्लोरिडा के एक मोटल में बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान 22 साल की डिलीवरी गर्ल ब्रियाना अल्वेलो आर्डर लेकर पहुंची थी, जिसके बाद टिप को लेकर प्रेग्नेंट महिला के साथ विवाद हो गया। अल्वेलो कुछ देर बाद बंदूक लेकर एक अनजान शख्स के साथ होटल आई और पीड़ित महिला के रूम में जबरदस्ती घुस गई। इसके बाद लड़की ने ताबड़तोड़ कई बार चाकू से हमला किया और कमरे से कई सामान ले गई।

### ऐसे बढ़ा विवाद

पुलिस के अनुसार वारदात के वक्त कमरे में पीड़ित महिला के साथ उसका दोस्त और 5 साल की बेटी थी। अल्वेलो ने जो पिज्जा डिलीवर किया उसकी कीमत 33 डॉलर थी। महिला ने अल्वेलो से 50 डॉलर नोट का खुल्ला मांगा तो उसने ने इंकार कर दिया। इसके बाद महिला ने किसी तरह पिज्जा के पैसे दिए और सिर्फ 2 डॉलर टिप दी। जिसे देख डिलीवरी गर्ल भड़क गई और विवाद बढ़ गया। आरोपी लड़की अल्वेलो मार्को पिज्जा कंपनी में काम करती थी। कंपनी ने घटना को लेकर दुख जताया है।




**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in**

NIT No. 226/TC/EinC/PWD/2024-25 Dated- 23.12.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of **Bijapur, Kanker & Narayanpur** for construction of **04 Bridges** with estimated cost amounting Rs 1240.71 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e- Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 24.12.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 06.01.2025

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to Chief Engineer, **Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G-242504911/5



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रं.2 जगदलपुर**

क्रमांक 3696/NIT-06/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 26/12/24

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08.01.2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13.01.2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 15.01.2025 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक
4. ठेकेदार की श्रेणी :- द से अ श्रेणी हेतु
5. निविदा प्रपत्र की राशि :- रू. 1500/-
6. कार्य की अवधि :- 06 माह वर्षाऋतु सहित

| एन.आई. टी क्रमांक / निविदा | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.) बैंक साल्वेंसी (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 06/ T0036 | उपसंभाग दरभा के अंतर्गत विभिन्न भवनों स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के भवनों का जमा मद एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | 50.00<br>37500.00<br>750000.00 |
| 06/ T0037 | उपसंभाग बस्तर के अंतर्गत विभिन्न भवनों स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के भवनों का जमा मद एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | 50.00<br>37500.00<br>750000.00 |
| 06/ T0038 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत विभिन्न भवनों स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के भवनों का जमा मद एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | 50.00<br>37500.00<br>750000.00 |
| 06/ T0039 | उपसंभाग दरभा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों, जिला मुख्यालय मार्गों के अंतर्गत जमा मद एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | 49.99<br>37500.00<br>750000.00 |
| 06/ T0040 | उपसंभाग बस्तर के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों, जिला मुख्यालय मार्गों का जमा मद एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | 49.99<br>37500.00<br>750000.00 |
| 06/ T0041 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों, जिला मुख्यालय मार्गों का जमा मद एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | 49.99<br>37500.00<br>750000.00 |

**टीप :- अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे देखा जा सकता है।**

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.2**
**जगदलपुर**

G-242504901/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 3 हेतु दिनांक 07.01.2025 तक एवं सरल क्र. 4 से 11 हेतु दिनांक 13.01.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 299 | लो.नि.वि. हाईकोर्ट उपसंभाग क्रं.-1 बिलासपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में ए. आर. का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर। | 45.00 |
| 2 | 300 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग क्र. 2 कटघोरा अंतर्गत मार्गों में विशेष मरम्मत, मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण तथा पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। द्वितीय आमंत्रण कोरबा संभाग। | 25.00 |
| 3 | 301 | मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष अंतर्गत जिला चिकित्सालय रायगढ़ के गायनिक रोग विभाग खंड के जीर्णोद्धार कार्य। द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। | 200.00 |
| 4 | 302 | वेयर हाउस रोड विधिक सेवा मार्ग, बिलासपुर स्थित शासकीय आवासगृह क्र. ई-4 में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य, कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर परिसर में अधिवक्ताओं / पक्षकारों के लिए शौचालय निर्माण कार्य एवं कंटीजेंसी मद अंतर्गत अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि / यां) बिलासपुर के कक्ष में वॉल पेनेलिंग कार्य। प्रथम आमंत्रण । संभाग क्र. 1, बिलासपुर। | 25.64 |
| 5 | 303 | जिला बिलासपुर के तारबहार से नगपुरा मार्ग लंबाई 1.80 कि.मी. निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर। | 130.33 |
| 6 | 304 | डी. पी. विप्र महाविद्यालय भवन परिसर बिलासपुर के द्वितीय तल में प्रस्तावित क्लास रूम (भाग बी) कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर। | 30.18 |
| 7 | 305 | ग्राम पंचायत पतुरियाडांड विकासखण्ड पोडीउपरोड़ा के करहिया नाला पर स्लेब कलवर्ट का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग। | 40.02 |
| 8 | 306 | जिला रायगढ़ के टिनमिनी पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। | 162.82 |
| 9 | 307 | जिला रायगढ़ के हाईस्कूल पंचपारा पहुंच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। | 70.79 |
| 10 | 308 | जिला रायगढ़ के ठाकुरपाली पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। | 190.06 |
| 11 | 309 | शासकीय पॉलीटेक्निक भवन, रायगढ़ में लघुमूल गौण कार्य एवं अनुरक्षण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। | 30.69 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

G-242504889/3



**कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
**एवं पदेन उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन,**
**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अधिसूचना**

गरियाबंद, दिनांक / /2024

**भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 202110221800046:**

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित निजी भूमि की रताखण्ड व्यपवर्तन योजनांतर्गत नहर निर्माण कार्य हेतु भू-अर्जन प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतएव भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद द्वारा अधिनियम 2013 कहा जावेगा ) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता हैः-

**अनुसूची**

भूमि का वर्णनः- 01/- जिला - गरियाबंद 02 - तहसील - अमलीपदर 03/- ग्राम / नगर - सागड़ा 04 / - क्षेत्रफल – 3.10 हेक्टेयर

| स.क्र. | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) | स.क्र. | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) | स.क्र. | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 176 | 0.032 | 8 | 129/1 | 0.206 | 15 | 323 | 0.032 |
| 2 | 178 | 0.065 | 9 | 97 | 0.109 | 16 | 316 | 0.053 |
| 3 | 179/1 | 0.097 | 10 | 98 | 0.065 | 17 | 313 | 0.012 |
| 4 | 187/1 | 0.165 | 11 | 96 | 0.169 | 18 | 319 | 0.377 |
| 5 | 132/4 | 0.300 | 12 | 94 | 0.020 | 19 | 229/2 | 0.080 |
| 6 | 132/3 | 0.042 | 13 | 307 | 0.615 | 20 | 229/3 | 0.010 |
| 7 | 127 | 0.073 | 14 | 309 | 0.421 | 21 | 231/2 | 0.100 |
| कुल खसरा नंबर 22 कुल रकबा 3.10 हेक्टेयर | | | | | | 22 | 231/1 | 0.060 |

5. भूमि का नक्शा / प्लान का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।
6. प्रस्तावित भूमि अर्जन में किसी व्यक्ति का विस्थापन निहित नही है ।

*छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार*

**(दीपक कुमार अग्रवाल)**
**कलेक्टर गरियाबंद**
**एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन**
**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

G-242504907/1

# कार्लसन ने किया ड्रेस कोड का उल्लंघन, विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन पर फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद पहले जुर्माना लगाया गया और बाद में उन्हें विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर कर दिया गया। गत चैंपियन कार्लसन पर जींस पहनने के कारण 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैंपियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। फिडे ने एक बयान में कहा कि ड्रेस कोड के नियम खिलाड़ियों को भली भांति बता दिए गए थे।

## जींस पहनने के कारण लगाया 200 डॉलर का जुर्माना

### ड्रेस बदलने से किया इनकार

महानतम शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कार्लसन ने अगले दिन ड्रेस कोड का पालन करने पर रजामंदी जताई लेकिन कहा कि वह तुरंत नहीं बदलेंगे। पिछले दो बार के चैंपियन कार्लसन ने इस घटनाक्रम पर कहा, 'मैं ऐसी किसी जगह पर रहना चाहूंगा जहां मौसम बेहतर हो।'

### विशेषज्ञों ने बनाए नियम

फिडे ने एक्स पर साझा किए गए बयान में कहा, 'ड्रेस कोड के नियम फिडे खिलाड़ियों के आयोग के सदस्यों ने बनाए हैं जिसमें पेशेवर खिलाड़ी और विशेषज्ञ हैं। ये नियम बरसों से हैं और सभी प्रतिभागियों को इसके बारे में भली भांति पता है। हर टूर्नामेंट से पहले उन्हें इसकी जानकारी दी जाती है। फिडे यह सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ियों के रहने का स्थान आयोजन स्थल के बहुत पास हो ताकि उन्हें नियमों का पालन करने में सुविधा हो। आज मैग्नस कार्लसन ने जींस पहनकर ड्रेस कोड के नियम का उल्लंघन किया। '




### हास्यास्पद नियम : कार्लसन

इससे पहले रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि ने भी इस नियम का उल्लंघन किया था लेकिन वह कपड़े बदलकर लौट आए जिससे उन्हें बाहर नहीं किया गया। इस बीच कार्लसन ने कहा कि वह ब्लिट्ज वर्ग में भाग नहीं लेंगे क्योंकि फिडे की ड्रेस कोड नीति से वह तंग आ चुके हैं। उन्होंने नॉर्वे के मीडिया से कहा, 'मैं फिडे से आजिज आ चुका हूं और अब और नहीं सह सकता। मैं सभी से माफी मांगना चाहता हूं। यह बेहद हास्यास्पद नियम है। मैं कल कपड़े बदल सकता था लेकिन वे सुनने को ही तैयार नहीं है।'

### फ्रीस्टाइल शतरंज को दे रहे महत्व

खेल के तेज रफ्तार प्रारूप के विकास पर जोर दे रहे कार्लसन से जुड़े इस मामले को विश्व शतरंज को उनकी ओर से एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज के विकास के लिए 12 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। फ्रीस्टाइल शतरंज खेल का वह प्रारूप है जिसमें शतरंज के मोहरों में किसी भी क्रम में फेरबदल किया जा सकता है। इसका प्रचार महान खिलाड़ी बॉबी फिशर ने किया था।

## अर्जुन और हम्पी को संयुक्त बढ़त





भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने विश्व रैपिड और ब्लिटज शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। रूस के वोलोदार मुर्जिन और अलेक्जेंडर ग्रिसचुक और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ दूसरे दिन और नौवे दौर के बाद सात अंक लेकर अर्जुन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। तेरह मुकाबलों के बाद सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का निर्धारण होगा। कार्लसन के बाहर होने के बाद अर्जुन के जीतने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। दसवें दौर में अर्जुन का सामना ग्रिसचुक से होगा। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने पहले दौर की हार को भुलाते हुए लगातार चार मुकाबले जीते। वह डी हरिका और चीन की वेंजुन जू के साथ 6.5 अंक लेकर शीर्ष पर है।

## खबर संक्षेप



### पंड्या सिर्फ 1 रन पर आउट, हारा बड़ौदा

**नई दिल्ली।** ग्रुप ई के वहजय हजार ट्रॉफी मैच में भारतीय आल राउंडर हार्दिक पंड्या विफल रहे जिससे बड़ौदा को बंगाल से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पंड्या महज एक रन बना पाए जिससे बड़ौदा ने 228 रन का स्कोर बनाया। बंगाल ने अनुष्टुप मजूमदार के नाबाद 99 रन से यह लक्ष्य महज तीन विकेट गंवाकर 43 ओवर में हासिल कर लिया। हैदराबाद में दिल्ली की केरल पर जीत में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा (48 रन देकर तीन विकेट) ने चमकदार प्रदर्शन किया। ग्रुप ई के इस मैच में दिल्ली ने पांच विकेट पर 258 रन बनाये और केरल को 229 रन पर समेटकर 29 रन से जीत दर्ज की।

### कथूनिया ने खेल रत्न के लिए अनदेखी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** पैरालिंपिक में दो बार के रजत पदक विजेता योगेश कथूनिया ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने लगातार प्रदर्शन के बावजूद प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की। कथूनिया ने पुरस्कार चयन प्रक्रिया में पक्षपात और पारदर्शिता की कमी पर हताशा जाहिर की।

## क्रिकेट : आस्ट्रेलिया के 474 रन के जवाब में भारत का स्कोर 358/9

# रेड्डी पहले टेस्ट शतक से बने भारत के संकटमोचक, अभी 116 रन पीछे

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

टेस्ट क्रिकेट में शुरुआती कदम रखने वाले नीतिश कुमार रेड्डी ने भारत के लिए 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए चौथे टेस्ट के तीसरे दिन नाबाद शतक लगाकर आस्ट्रेलिया की जीत की उम्मीदों को झटका दिया है। रेड्डी के नाबाद 105 रन की मदद से भारत ने बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त किए जाने तक नौ विकेट पर 358 रन बना लिए हैं। आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 474 रन से भारत अभी भी 116 रन पीछे है। एमसीजी की सपाट पिच पर गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिलती देख अब टेस्ट बचाना भारत के लिए बहुत मुश्किल नहीं होना चाहिए। इस श्रृंखला में भारत की खोज रहे रेड्डी को इसका पूरा श्रेय जाता है।

उन्होंने जुझारुपन की मिसाल पेश करते हुए वॉशिंगटन सुंदर (50 रन) के साथ 127 रन की अहम साझेदारी की जो भारत के लिए निर्णायक मोड़ रही। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रेड्डी की पारी को सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारियों में से एक बताया। ऋषभ पंत के गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने के समय भारत का स्कोर छह विकेट पर 191 रन था।




### पिता ने छोड़ी नौकरी, झेली आलोचनाएं

एक दशक पहले जब रेड्डी के पिता मुथियाला ने अपनी नौकरी छोड़कर साहूकारी का काम शुरू किया और नुकसान उठाया तो परिवार ने उन्हें अपने बेटे के सपनों को पर नहीं देने की सलाह दी लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। सीमारेखा के पास बैठे रेड्डी के पिता अपने आंसू नहीं रोक सके जब उनके बेटे ने शतक पूरा किया। उन्हें वह दिन याद आ गया होगा जब उनके बेटे को 2017 में बीसीसीआई से सर्वश्रेष्ठ अंडर 16 क्रिकेटर का पुरस्कार मिला था। उस समय रेड्डी ने अपने आदर्श क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का के साथ सेल्फी ली थी।

**स्कोर बोर्ड**

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल रन आउट | 82 | 118 | 11 | 1 |
| रोहित का बोलैंड बो कमिंस | 03 | 05 | 0 | 0 |
| केएल राहुल बो कमिंस | 24 | 42 | 3 | 0 |
| कोहली का कैरी बो बोलैंड | 36 | 86 | 4 | 0 |
| आकाश का लियोन बो बोलैंड | 00 | 13 | 0 | 0 |
| पंत का लियोन बो बोलैंड | 28 | 37 | 3 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो लियोन | 17 | 51 | 3 | 0 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 105 | 176 | 10 | 1 |
| सुंदर का स्मिथ बो लियोन | 50 | 162 | 1 | 0 |
| बुमराह का ख्वाजा को कमिंस | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 02 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, योग : 116 ओवर में 358/9
गेंदबाजी : स्टार्क 25-2-86-0, कमिंस 27-6-86-3, बोलैंड 27-7-57-3, लियोन 27-4-88-2, मार्श 7-1-28-0, हेड 3-0-11-0.

### घुटने के बल बैठकर जताया आभार


हर गेंद के बाद रेड्डी और दीर्घा में बैठे उनके पिता के चेहरे के भाव बदल रहे थे लेकिन सिराज ने तीन गेंद संभलकर खेली और रेड्डी को वह पल दिया जिसका सपना वह हजारों बार देख चुके थे। स्कॉट बोलैंड को सीधे चौका लगाकर रेड्डी ने अपना शतक पूरा किया और घुटने के बल बैठकर बल्ले पर हेलमेट रखकर भारतीय डगआउट के प्रति आभार व्यक्त किया। भारतीय खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

### चौथे मैच में पहला शतक

नीतीश रेड्डी ने अभी अपने कॅरियर का चौथा टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने 4 टेस्ट की 6 पारियों में 71.00 की औसत और 66.98 की स्ट्राइक रेट से 284 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक ही शतक लगाया है। अभी उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 105 रन है। उन्होंने पर्थ टेस्ट में 41- 38* रन, दूसरे टेस्ट में 42-42 रन और ब्रिसबेन टेस्ट में 16 रन की पारी खेली थी।

## टेनिस चैंपियनशिप

# वैष्णवी ने जीता पहला आईटीएफ एकल खिताब




एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

वैष्णवी अडकर ने शनिवार को यहां डब्लू15 महिला टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में डेनमार्क की एलेना जमशीदी को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराकर अपना पहला आईटीएफ एकल खिताब जीता।

पुणे के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने एक घंटे से भी कम समय में जीत हासिल की। यह वैष्णवी के कॅरियर की महत्वपूर्ण जीत है, जिससे वह रुतुजा भोसले की खिताबी जीत के बाद पिछले तीन वर्षों में पेशेवर महिला एकल खिताब जीतने वाली पुणे की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। वैष्णवी ने क्वार्टर फाइनल में माया राजेश्वरन और सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त जील देसाई को हराया था। वैष्णवी ने पूजा इंगले के साथ मिलकर महिला युगल का खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। इस भारतीय जोड़ी ने फाइनल में एक कड़े मुकाबले में जापान की जोड़ी अनरी नागाटा और होनोका कोबायाशी को 6-3, 2-6, 12-10 से हराया।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867







## न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में श्रीलंका को 8 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले में श्रीलंका पर आठ रन से जीत दर्ज की। अंतिम ओवरों में की गई शानदार गेंदबाजी ने भी मैच का नतीजा न्यूजीलैंड के पक्ष में मोड़ने में मदद की। न्यूजीलैंड के आठ विकेट पर 172 रन के स्कोर का पीछा करते हुए श्रीलंका का स्कोर बिना विकेट गंवाए 121 रन से आठ विकेट पर 164 रन हो गया। डेरिल मिचेल ने 62 और माइकल ब्रेसवेल ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने केवल 60 गेंद में शतकीय साझेदारी बनाई। दोनों पांच विकेट पर 65 रन के स्कोर पर खेलने उतरे जब वानिंदु हसारंगा ने ग्लेन फिलिप्स और मिचेल हे को 10वें ओवर में लगातार गेंदों पर आउट किया। दोनों ने टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 172 रन तक पहुंचाया।

### रहमत-शाहिदी ने जोड़े रिकार्ड 361 रन

**बुलावायो।** रहमत शाह और हशमतुल्लाह शाहिदी ने जिंबॉब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां एक भी विकेट नहीं गिरने दिया जिससे अफगानिस्तान दो विकेट पर 425 रन बनाने में सफल रहा। रहमत 231 रन बनाकर खेल रहे हैं जो अफगानिस्तान की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में किसी भी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रखने वाले शाहिदी 141 रन पर खेल रहे हैं। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए अभी तक 361 रन जोड़ लिए हैं जो अफगानिस्तान की तरफ से किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। अफगानिस्तान अब जिंबॉब्वे से 161 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 586 रन बनाए थे।

### पंजाब ने मुंबई को 8 विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के पांच विकेट और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की नाबाद 150 रन की पारी से पंजाब ने शनिवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में मुंबई को आठ विकेट से शिकस्त दी। प्रभसिमरन ने महज 101 गेंद में 150 रन बनाए जिसमें 14 चौके और 10 छक्के जड़े। उन्होंने अभिषेक शर्मा (66 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 21.5 ओवर में 150 रन की भागीदारी निभाई जिससे पंजाब ने 249 रन का लक्ष्य महज 29 ओवर में हासिल कर लिया।

CRGB
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
क्षेत्रीय कार्यालयः महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)
Mob:6232032095 | Tollfree 1800-233-2300, (PIN 492013)
E-mail:npa.ro.rai@cgbank.in | Web: www.cgbank.in

सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अंतर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की नीलामी सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रमीण बैंक के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न ऋणियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत मांग सूचना जारी किया गया था एवं सरफेसी अधिनियम 13(4) के अंतर्गत बंधक संपत्ति पर भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया है। बैंक की बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित की वसूली हेतु निम्नलिखित बंधक अचल संपत्ति की ''नीलामी जहां है जैसा है'' के आधार पर किया जाना हैः-

| क्रं. | संपर्क शाखा | ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना एवं राशि (रू.में)/ आधिपत्य की तिथि/कब्जा प्रकार | आरक्षित मूल्य (Auction Amount) | धरोहर राशि (EMD Amount) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दलदलसिवनी मो.6232032050 | ऋणीः-1) श्री लक्ष्मण सेन पिता गणेश सेन | श्री लक्ष्मण सेन की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः- EWS FLAT-26/103 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम-परसदा कुम्हारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 403 वर्ग फीट। | 07.06.2022, रू.7,09,229/-+ब्याज+ अन्य व्यय 30/08/2022/ भौतिक कब्जा | रू.3,98,000/- | रू.40,000/- |
| 2. | सिरपुर मो.6232032064 | ऋणीः-1) श्रीमती दीपशिखा कोसले पति श्री अशोक कोशले 2) श्री अशोक कोशले पिता श्री नारायण प्रसाद कोसले आवासीय पता- ग्राम पीढ़ी पोस्ट लहानगर सिरपुर महासमुंद | श्रीमती दीपशिखा कोसले की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः- ख.क्र.-640/2 प.ह.न.-42, रा.नि.मं.- महासमुंद,वति बतनलाल वार्ड न.-2 इमलीभाटा तहसील एवं जिला-महासमुंद (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 1900 वर्ग फीट। चौहद्दीः- उत्तर-सुनीता टंडन का मकान, दक्षिण-रास्ता, पूर्व-रास्ता, पश्चिम-उमेश का मकान। | 07.06.2023, रू.18,57,683/-+ ब्याज + अन्य व्यय 27/09/2023/ भौतिक कब्जा | रू.14,01,000/- | रू.1,41,000/- |
| 3. | संतोषीनगर मो.6232032030 | ऋणीः-1) श्री संतोष गुप्ता पिता श्री सूरज गुप्ता | श्रीमती संतोष गुप्ता की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः-ख.क्र.-981/4 नया प.ह.न.-49, रा.नि.मं.-रायपुर, कृष्णा नगर गली न.-6 गुढ़ियारी जिला-रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 575 वर्ग फीट। चौहद्दीः- उत्तर-रास्ता, दक्षिण-राधाबाई का मकान, पूर्व-रास्ता, पश्चिम-नारायण का मकान। | 20.05.2022, रू.27,85,085/-+ ब्याज+ अन्य व्यय 30/08/2022/ भौतिक कब्जा | रू.18,95,000/- | रू.1,90,000/- |
| 4. | पुरानीबस्ती मो.8462898222 | ऋणीः-1) श्रीमती बाचला किरण पल्लीवार पति बाचला श्रीनिवास पल्लीवार 2) श्री बाचला श्रीनिवास पल्लीवार पिता बाचला नारायण दास पल्लीवार | श्रीमती बाचला किरण पल्लीवार पति बाचला श्रीनिवास पल्लीवार की बंधक संपत्ति (प्लाट) का विवरणः- मौजाः- ख.क.-15001/197 प्लाट नं.-479, 480 एवं 481 प.ह.न.-20, रा.नि.मं.-धरसींवा, जी के टाउनशीप,ग्राम-सिलतरा, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 750*3=2250 वर्ग फीट चौहद्दीः- उत्तर-प्लाट नं.478, दक्षिण-प्लाट नं.482, पूर्व-रास्ता, पश्चिम-प्लाट नं.522 से 524। | 08.02.2024, रू.19,15,603/-+ ब्याज+ अन्य व्यय 03/09/2024/ भौतिक कब्जा | रू.15,75,000/- | रू.1,58,000/- |

ऋणियों जमानतदारों, बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चे का भुगतान नीलामी के पूर्व कर देवें। बिक्री पश्चात अन्य कोई शेष बकाया राशि की वसूली का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है।

**नीलामी तिथि 28.01.2025 समय 12:00 बजे से**

**नीलामी स्थान :- छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय - रायपुर महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)**

नीलामी के नियम एवं शर्तेः- (1) **नीलामी जहाँ है जैसा है** के आधार पर हो रही है। (2) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी तक नीलाम की जा रही संपत्तियां भरमुक्त है फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व ''संपत्ति पर भारित ऋण भार''संपत्ति का स्वत्वाधिकार दावे देय आदि जो किसी भी प्रकार से संपत्ति को प्रभावित करते हो के विषय में स्वतंत्र निरीक्षण एवं जानकारी प्राप्त कर संतुष्ट होने के बाद ही निविदा जमा करें। संपत्ति का निरीक्षण सम्बंधित शाखा से संपर्क कर किया जा सकता है। **उपरोक्त संपत्ति एवं उन पर सभी प्रकार के वर्तमान एवं भावी प्रभार/ऋण / भार/दावे स्वत्वाधिकार जो कि बैंक की जानकारी में है या नही है के सहित विक्रय की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार से अन्य पक्षकार के दावे/अधिकार/देयता के प्रति उत्तरदायी नही होगा।** (3) इच्छुक निविदाकर्ता /खरीददार अमानत (धरोहर) राशि जो कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक A/c (ऋणी का नाम एवं शाखा का नाम) के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता /खरीददार शाखा का नाम, ऋणी का नाम स्पष्ट रूप से लिखकर निविदा राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वंय के पहचान पत्र, निवास प्रमाण, पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रतियाँ तथा मोबाइल नंबर, e-mail Id इत्यादि प्राधिकृत अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पास दिनांक 27.01.2025 तक जमा करना होगा (5) सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि विक्रय मूल्य में समायोजित की जायेगी एवं असफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि वापस कर दी जायेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार को विक्रय मूल्य का 25% राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकार करने पर आगामी दिवस (दिनांक 29.01.2025) को जमा करना होगा एवं शेष 75% राशि नीलामी तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा अन्यथा खरीददार द्वारा पहले भुगतान/जमा सम्पूर्ण राशि बैंक द्वारा जब्त कर ली जाएगी। भुगतान में चूक होने पर संपत्ति की पुनः बिक्री की जायेगी और उस पर खरीददार का किसी भी प्रकार का संपत्ति/राशि पर दावा मान्य नही होगा। (6) सफल खरीददार को स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क, संपत्ति कर आदि समस्त खर्चों का भुगतान स्वंय करना होगा। **(7) विक्रय संपत्ति पर बकाया शासकीय एवं अन्य भुगतान की जिम्मेदारी खरीददार की होगी।** (8) प्राधिकृत अधिकारी की यह पूर्ण अधिकार होगा की वह किसी भी बोली प्रस्ताव/प्रस्तावों को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर दें या फिर बिना कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्थगित अथवा निरस्त कर दें। (9) बैंक द्वारा विक्रय की पुष्टि होने के पश्चात एवं भुगतान की शर्तों का अनुपालन होने पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विक्रय प्रमाण पत्र सफल निविदाकर्ता के नाम से ही जारी किया जायेगा। इसमें किसी अन्य व्यक्ति/संस्था का नाम जोड़ना/हटाना संभव नही होगा। (10) संपत्तियों की नीलामी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियमों/निर्धारित शर्तों के अधीन की जा रही है। (11) नीलामी हेतु निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 27.01.2025 तक क्षेत्रीय कार्यालय-रायपुर महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, (छ.ग.) रायपुर में जमा लिया जायेगा। (12) यदि किसी कारण से नीलामी की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो नीलामी अगले कार्यदिवस में संपन्न होगी।

दिनांक 27.12.2024

प्राधिकृत अधिकारी,
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय - रायपुर

# राजनांदगांव वाले सॉफ्टवेयर से सकरी बटालियन में हो रही रेंज स्तरीय आरक्षक भर्ती, गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

राजनांदगांव वाले सॉफ्टवेयर से सकरी बटालियन में रेंज स्तरीय आरक्षक भर्ती चल रही है, जिससे गड़बड़ी की आशंका बनी हुई है। हालांकि प्रदेश में चल रही सभी भर्ती की जांच कराने की बात कही जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव में आरक्षक भर्ती में गड़बड़ी उजागर होने पर वहां की भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश में चल रही सभी आरक्षक भर्ती की जांच कराने का आदेश दिया है, जिससे हड़कंप मचा हुआ है। राजनांदगांव भर्ती में एक अभ्यार्थी को रजिस्टर में 11 अंक मिले थे और आनलाइन में 20 अंक दिखाया गया था। इस मामले में सॉफ्टवेयर कंपनी के दो कर्मचारियों के खिलाफ अपराध कायम कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश में आरक्षक भर्ती में एक प्राइवेट कंपनी को सॉफ्टवेयर से काम करने का ठेका दिया गया है।

## संभाग में 1200 से अधिक पदों पर भर्ती

सकरी बटालियन में रेंज स्तरीय आरक्षक भर्ती प्रक्रिया चल रही है। लगभग 1200 पदों के लिए 1 लाख बेरोजगारों ने आवेदन जमा किया है। पुलिस लाइन डीएसपी के नेतृत्व में प्रतिदिन जिले वार अभ्यर्थियों का फिटनेस टेस्ट लिया जा रहा है। बताया जाता है उंचाई की नाप के दौरान अधिकांश अभ्यर्थी बाहर हो रहे हैं।

## कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई

पूरे प्रदेश में आरक्षक भर्ती में एक प्राइवेट सॉफ्टवेयर कंपनी से काम लिया जा रहा है। अधिकारियों की निगरानी में पूरी भर्ती प्रक्रिया चल रही है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक भी गड़बड़ी सामने नहीं आई है। उंचाई की नाप के दौरान अधिकांश अभ्यर्थी बाहर हो रहे हैं।

रजनेश सिंह एसपी

# विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से हाथी की मौत, तालाब में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा



कुदमुरा वन परिक्षेत्र के जंगल में एक 11 केव्ही करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई है। गांव के तालाब में हाथी का शव मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम ने क्रेन की मदद से हाथी के शव को तालाब से बाहर निकाला और मृत हाथी का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट लगने से हाथी की मौत की पुष्टि हुई है। विभाग द्वारा मृत हाथी के कफन दफन के बाद आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। कोरबा वनमंडल अंतर्गत पसरखेत-कुदमुरा रेंज के गीतकुंवारी-समरकला जंगल के कक्ष क्रमांक 1123 में शुक्रवार की रात एक नर हाथी करंट की चपेट में आ गया।

नई दिल्ली। नया साल नई शुरूआत का प्रतीक है। ऐसे में अधिकतर लोग पार्टी का आयोजन करते हैं या फिर घूमने जाते हैं। हालांकि, सभी देशों में ऐसा नहीं होता। अलग-अलग जगहों पर नए साल के स्वागत के लिए विचित्र परंपराएं निभाई जाती हैं, जिनके बारे में आप शायद जानते ही न हो। आइए आज हम आपको 5 ऐसे देशों के बारे में बताते हैं, जहां नए साल का जश्न अजीबोगरीब परंपराओं के साथ मनाया जाता है।



# दुनियाभर में नए साल के स्वागत के लिए मनाई जाती हैं विचित्र परंपराएं

## डेनमार्क- दरवाजों के बाहर प्लेटें या चम्मच फेंकना



उत्तरी यूरोप में स्थित डेनमार्क में नए साल पर ऐसी परंपरा निभाई जाती है, जिसके बारे में शायद आप विश्वास ही नहीं करेंगे। इस देश में हर 31 दिसंबर की शाम को अपने पड़ोसी और दोस्तों के दरवाजों के बाहर पुरानी प्लेटों और चम्मचों को फेंका जाता है। वहां ऐसा करने की पीछे ये कारण है कि नए साल की सुबह दरवाजे पर जितने ज्यादा टूटे बर्तन मिलेंगे, उस साल आपका भाग्य उतना अच्छा रहेगा।



## ब्राजील- समुद्र में सफेद फूल, ज्वेलरी कंघी और लिपस्टिक फेंकना

दक्षिण अमेरीका के सबसे बड़े देश ब्राजील में नए साल का जश्न समुद्र में सफेद रंग के फूलों को फेंककर मनाया जाता है। यही नहीं कुछ लोग इस अवसर पर समुद्र में अपना परफ्यूम, ज्वेलरी, कंघी और लिपस्टिक भी फेंक देते हैं। इस परंपरा को निभाने वाले लोगों का मानना है कि ऐसा करके वे समुद्र की देवी 'येमानजा' को नए साल पर भेंट चढ़ाते हैं। साथ ही यह उम्मीद करते हैं कि देव नया साल अच्छा कर दे।

## स्कॉटलैंड- घर का पहला मेहमान होना चाहिए लंबा और सुंदर

यूनाइटेड किंगडम का देश स्कॉटलैंड में नए साल के अवसर पर लोग ये उम्मीद करते हैं कि उनके घर आने वाला मेहमान लंबा और खूबसूरत होना चाहिए। स्कॉटलैंड में इस परंपरा के पीछे कारण है कि लंबे और खूबसूरत पुरुषों को काफी लकी यानी खुशकिस्मत माना जाता है। यही वजह है कि यहां के लोग चाहते हैं कि उनके घर पर नए साल पर सबसे पहला मेहमान ऐसा आए, जिसमें वे खूबियां हो ताकि आने वाला साल अच्छा बीते।



## इक्वाडोर- पुतलों को जलाना




दक्षिण अमेरिका में स्थित एक लोकतांत्रिक गणराज्य देश इक्वाडोर में नए साल पर लोग राजनेताओं और विभिन्न हस्तियों के पुतले बनाते हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में एनो विएजो कहा जाता है। ये पुतले पुराने कपड़ों में अखबार और रुई भरकर बनाए जाते हैं, फिर उन पर एक मुखौटा लगाकर उन्हें 31 दिसंबर की रात को आग में जला दिया जाता है। कहा जाता है कि यह परंपरा बीते साल हुए किसी भी बुरे काम को ठीक कर सकती है।

## इटली- खिड़की से फर्नीचर को बाहर फेंकना

इटली में 31 दिसंबर की शाम को 'पुराने को बाहर निकालो' की परंपरा निभाई जाती है। इस देश के नेपल्स जैसे शहरों में लोग घर की खिड़कियों और बालकनी से पुराने फर्नीचर को फेंकते हैं। ये एक तरह से नई शुरूआत का प्रतीक है। हालांकि, किसी को चोट न लगे इसलिए लोग छोटी और नरम चीजों को ही घर से बाहर फेंकते हैं, लेकिन फिर भी नए साल की पूर्व संध्या पर नेपल्स की सड़कों पर टहलते समय सावधान रहें।



# जिस सुई के छेद में धागा तक नहीं जाता उसमें बना दी पूरी मूर्ति



नई दिल्ली। देश में कई सारे कलाकार मौजूद हैं। ऐसे ही एक कलाकार की कलाकारी काफी ज्यादा प्रशंसा हो रही है। बात कर रहे हैं, अजय मत्तेवाड़ा की। उन्होंने ब्राजील के रियो जी जनेरियो में स्थित दुनिया के सात अजूबों में से एक 'क्राइस्ट द रिडीमर' की एक बहुत ही सुंदर और आश्चर्यजनक सूक्ष्म मूर्ति बनाई है। इस कलाकार ने अपनी कलाकारी से पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। बता दें, हैरान करने वाली मूर्ति नहीं बल्कि उसको बनाए जाने वाली जगह है, क्योंकि वह जगह सुई में धागा डालने वाला छेद है। इस मूर्ति को बनाने में उनको लगभग दो से ढाई महीने तक का समय लगा था। जिसको सिर्फ और सिर्फ माइक्रोस्कोप की मदद से देखा जा सकता है। क्राइस्ट द रिडीमर की प्रतिमा करीब 98 फीट ऊंची है। इतनी ऊंची प्रतिमा को मूर्तिकार अजय कुमार ने सुई के छेद में बनाया है। जिसकी लंबाई केवल 1.1 मिमी है।






# दुर्लभ मोतियों से बने 17वीं सदी के बर्तनों की हुई नीलामी

नई दिल्ली। पुराने समय में मोतियों से न केवल जेवर बनाए जाते थे, बल्कि उनसे बर्तन जैसी अन्य वस्तुएं भी तैयार की जाती थीं। समय के साथ ये वस्तुएं या तो टूट जाती थीं या संग्रहालयों में रख दी जाती थीं। हालांकि, आज के समय में अगर ये वस्तुएं मिल जाएं तो उन्हें खरीदने के लिए लोग लाखों रुपये खर्च कर देते हैं। भारत के 'मोतियों की मां' कहलाए जाने वाले क्रिस्टलीकृत खनिज से बने 17वीं सदी के बर्तन नीलाम हुए हैं। मोती की सीपियों से बने चमचमाते बर्तनों का यह संग्रह स्कॉटलैंड स्थित एडिनबर्ग के पास पेनिकुइक एस्टेट में पाया गया था। इस संग्रह की नीलामी ल्योन और टर्नबुल नामक नीलामी घर द्वारा आयोजित करवाई गई थी। यह संग्रह इस्लामी और भारतीय कला नीलामी का हिस्सा था, जिसे लंदन में बेचा गया था। आपको जानकार हैरानी होगी की इन बर्तनों को 80 लाख रुपये से अधिक की कीमत पर नीलाम किया गया है।




























# श्रद्धांजलि सभा

जन्मतिथि 15.04.1934



स्वर्गवास 15.12.2024

**स्व. श्री बृजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव जी**

प्रत्येक बीता हुआ क्षण आपकी निकटता का अहसास दिलाता है. आपका कर्मठ, प्रेरणाप्रद जीवन यथार्थवादी व्यक्तित्व, सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। आपकी स्मृतियां आशीर्वाद के रूप में सदैव हमारे साथ रहे।

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड रहा है कि हमारे परम पूजनीय पिताजी श्री बृजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव (सेवा निवृत वाणिज्य अधिकारी उम्र 91 वर्ष) का निधन दिनांक 15.12.2024 को हो गया है।

MADHYANI

**श्रद्धाजलि सभा**

कार्यक्रम

दिनांक- 29.12.2024 दिन-रविवार, समय-संध्या 4 बजे
स्थान- रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला, श्री राम मंदिर के सामने, वी.आई.पी. रोड, रायपुर

शोकाकुल- आरती-प्रभात श्रीवास्तव (पुत्री, दामाद), रजनी-सतीश रायजादा (पुत्री, दामाद), पलाश श्रीवास्तव (पौत्र), शिवांश श्रीवास्तव (पौत्र) एवं समस्त श्रीवास्तव परविार व रिश्तेदार एवं मित्रगण

विनीत- विनय-सीमा श्रीवास्तव (पुत्र-पुत्रवधू)
संजय-श्वेता श्रीवास्तव (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रदेश महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़
मोबाइल नं- 6260162090, 7999341718

नोट-कृपया इसे ही शोक सूचना मानें।

सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाएं हम-एक पहल और


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com